


मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 218
भोपाल, सोमवार
13 अक्टूबर 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 तमिलनाडु की दवा कंपनी में हुई लापरवाही पर दोषियों पर...

सोरांव सेमी फाइनल में पहुंचे फाफामऊ को भी मिली जीत ← 06


## सीएम डॉ. यादव एमएसएमई सम्मेलन 2025 में शामिल होंगे

# इकाइयों को 200 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित करेंगे
# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मिलेगी नई गति

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज होटल ताज फ्रंट में आयोजित एमएसएमई सम्मेलन 2025 में शामिल होंगे। यह सम्मेलन प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के विकास और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई विकास नीति के अंतर्गत प्रदेश के 48 जिलों की 700 से अधिक इकाइयों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 200 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि अंतरित करेंगे। साथ ही स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत प्रदेश के 80 से अधिक स्टार्टअप्स को 1 करोड़ से अधिक की सहायता राशि भी वितरित की जाएगी।

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई विभाग के अधीन औद्योगिक क्षेत्रों में 200 से अधिक उद्यमों को भूखंड आवंटन के आशय पत्र वितरित करेंगे।

इसके साथ ही वे 113.78 करोड़ की लागत से बनने वाले तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों का वर्चुअल शिलान्यास भी करेंगे। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 350 से अधिक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 100 से अधिक लाभार्थियों को कार्यक्रम में ही हितलाभ वितरण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगामी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह एवं अभ्युदय मध्यप्रदेश के आयोजन की तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा बैठक की।

### एमएसएमई विभाग और ओएनडीसी के बीच एमओयू

कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई विभाग और ओएनडीसी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। इसके अतिरिक्त 7.57 करोड़ लागत से निर्मित होने वाले तीन नए कार्यालय भवनों का शिलान्यास भी किया जाएगा। सम्मेलन में उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में, उद्यमी और स्टार्टअप संस्थापक अपने अनुभव साझा करेंगे। सत्रों में स्टार्टअप और निर्यात संवर्धन पर विशेष चर्चा होगी, जबकि शाम को स्वदेशी एवं स्वावलंबन विषय पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर बालाघाट और टीकमगढ़ के उद्यमियों तथा उद्योग संघों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।

*बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार को बड़ा झटका*

# आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार केस में लालू राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय

**लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे**

नई दिल्ली ■ एजेंसी

राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं।

विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।



### जदयू ने कहा- अब दुर्गति निश्चित है

आईआरसीटीसी घोटाला में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर राउज और एवेन्यू कोर्ट में आरोप तय होने के मामले पर बिहार में सियासत गरमा गई है। एनडीए के नेताओं ने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। जदयू के मुख्य प्रवक्ता कहां कि लालू परिवार पर 420 और 120 बी का आरोप लगना स्वाभाविक है। लाल यादव ने अपने बड़े भाई के परिजन को नौकरी दी और फुलवरिया में जमीन बिकवा दिया। और राबड़ी देवी के चाचा के परिवार को नौकरी दिया तो भी जमीन लिखवा ली। नीरज कुमार ने कहा कि यह तो स्वाभाविक प्रक्रिया है यह न्याय हुआ है। अब लालू परिवार की दुर्गति निश्चित है।

### महागठबंधन के लिहाज से भी अहम दिन

बिहार में विपक्षी महागठबंधन के लिहाज से भी आज का दिन महत्वपूर्ण है। आरजेडी ने कांग्रेस को 52 सीट का ऑफर दिया था और कांग्रेस 60 सीटों की डिमांड पर अड़ी हुई है। आरजेडी के इस ऑफर के बाद कांग्रेस के साथ रिश्तों में तल्खी देखने को मिली और बिहार कांग्रेस के नेताओं ने सीट शेयरिंग पर बातचीत बंद कर दी थी। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी आज दिल्ली में होनी है।

### इन धाराओं के तहत आरोप तय

दिल्ली की कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ उनकी कथित भूमिका के आधार पर अलग-अलग धाराओं में आरोप तय किए थे। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर धोखाधड़ी और षड्यंत्र रचने के अपराध के लिए आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे। कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालांकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। लालू प्रसाद यादव ने खुद को निर्दोष बताया है और उनका कहना है कि वे मुकदमे का सामना करेंगे।

### 29 मई को फैसला सुरक्षित रखा था

बीती 24 सितंबर को विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को उक्त तारीख पर पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 29 मई को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। यह मामला 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान आईआरसीटीसी होटलों के रखरखाव के ठेकों के आवंटन में भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है।

**इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम लागू**

## हमास ने 7 बंधकों को किया रिहा इजरायल में जश्न जैसा माहौल

**नई दिल्ली।** दो साल तक जंग लड़ने के बाद इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम लागू हो गया है और इस कड़ी में बंधकों की रिहाई और कैदियों की अदला-बदली जारी है। इस माहौल के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज इस्राइल पहुंच गए हैं। इजरायल का कहना है कि हमास ने गाजा युद्ध विराम के तहत पहले सात बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया है। शांति योजना के तहत हमास को 20 इजरायली बंधकों को रिहा करना है। यह पश्चिम एशिया को अस्थिर करने वाले 2 साल के विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बंधकों की रिहाई की खबर से इजरायल में लोग बेहद खुश हैं और यहां जश्न जैसा माहौल नजर आ रहा है। हमास ने कहा है कि 1,900 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जा रहा है। गाजा पीस प्लान में ट्रंप की बड़ी भूमिका रही है। इजरायली रक्षा बल ने हमास की कैद से रिहा होने वाले बंधकों की तस्वीरें जारी करते हुए उनके नाम भी बताए हैं। इस बीच इजरायल डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देगा। इजरायल के रक्षा मंत्री ने सेना को निर्देश दिया है कि वह बंधकों की रिहाई के बाद गाजा में हमास की ओर से बनाई गई सुरंगों के नेटवर्क को नष्ट करने की तैयारी शुरू करे।

**करूर भगदड़ में 40 से अधिक लोगों की हुई थी मौत**

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के दिए आदेश

**पूर्व जज अजय रस्तोगी करेंगे निगरानी**



नई दिल्ली ■ एजेंसी

तमिलनाडु के करूर में अभिनेता-राजनेता विजय के रैली के दौरान मची भगदड़ के मामले में ञक्क्य ने सुप्रीम कोर्ट में स्वतंत्र जांच की याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर अपना फैसला सुनाया और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि टीवीके ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि भगदड़ की जांच एक पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की निगरानी में हो, क्योंकि पार्टी का कहना है कि सिर्फ तमिलनाडु पुलिस की तरफ से बनाई गई विशेष जांच दल से जनता का भरोसा नहीं बनेगा। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि भगदड़ पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा हो सकता है।

वहीं टीवीके की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच की निगरानी करने वाली समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। टीवीके के सचिव आधव अर्जुना ने इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया था। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट ने एसआईटी का गठन किया था, जिसे टीवीके ने चुनौती दी थी। भगदड़ के तुरंत बाद विवाद और आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए थे। करूर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर टीवीके के करूर (उत्तर) जिला सचिव माधियाझगन, जनरल सेक्रेटरी बसी आनंद, और ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी सीटीआर निर्मल कुमार के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, और अन्य की जान जोखिम में डालना जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

### कैसे बेताब हुई भीड़?

पुलिस अधिकारियों ने आयोजकों से कहा था कि विजय की विशेष रैली बस को निर्धारित स्थान से कम से कम 50 मीटर पहले रोक दें। लेकिन आयोजकों ने तय जगह पर ही बस खड़ी की। पुलिस के अनुसार, 10 मिनट तक नेता बस से बाहर नहीं आए, जिससे भीड़ असंतुष्ट हो गई। लोग उन्हें देखने के लिए बेताब थे।

## लोकायुक्त ने एएसआई को 3 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**शहडोल।** धनपुरी नगर पालिका में लोकायुक्त रीवा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक इंद्र बहादुर सिंह उर्फ आई.बी. सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वार्ड नंबर 2 निवासी योगेंद्र वर्मा से भवन निर्माण की स्वीकृति के नाम पर 10 हजार की रिश्वत मांगी गई थी। लंबे मोलभाव के बाद यह रकम 5 हजार तय हुई। योगेंद्र वर्मा ने पहली किस्त 2 हजार पहले ही दे दी थी, जबकि दूसरी किस्त 3 हजार देते समय लोकायुक्त टीम ने ट्रैप किया। लोकायुक्त की 15 सदस्यीय टीम ने धनपुरी नगर पालिका परिसर में दबिश दी और मौके से रिश्वत की रकम बरामद की।

## श्योपुर में मिट्टी का टीला ढहने से 5 दबे, मासूम की मौत

**श्योपुर।** घर की पुताई के लिए मिट्टी खोदने के दौरान टीला ढहने से एक महिला सहित चार बच्चे दब गए। इस हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। सभी से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना विजयपुर थाना इलाके के लक्ष्मण पुरा गांव के पास की है। सभी लोग दीपावली त्योहार पर घर की लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी लेने गए थे। खुदाई के दौरान यह हादसा हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत और बचाव में जुट गए।

## ईडी ने श्रीसन फार्मा के सात ठिकानों पर की छापेमारी

**कफ सिरप से बच्चों की मौत मामला**

**चेन्नई।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप से कई बच्चों की मौत के मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रीसन फार्मा के चेन्नई स्थित ठिकानों और तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। यह कार्रवाई मप्र और तमिलनाडु में श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ दर्ज पुलिस शिकायतों का संज्ञान लेते हुए धन शोधन विरोधी कानून के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज होने के बाद की गई।

### ।। कक्का जी कहिन ।। डी.पी. गोयल

## महागठबंधन का भविष्य खतरे में

*आखिर भा.ज.पा. ने अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों का बटवारा कर लिया है। भा.ज.पा. और जनतादल यू. दोनों बराबर सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि चिराग पासवान को-29, भूपेन्द्र कुशवाहा को-06, सीताराम मालवीय को-06 सीटें देने का निर्णय भा.ज.पा. चुनाव समिति ने घोषणा की है। ऐसा माना जा रहा है कि आज रात तक भा.ज.पा. अपने 40-50 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर सकता है। वही नीतीश कुमार की जनतादल यू. ने अभी तक प्रत्याशियों के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है।*

*वहीं, दूसरी तरफ महागठबंधन का प्रमुख घटक आर.जे.डी. और कांग्रेस में अभी तक सीटों को लेकर समझौता नहीं हो पाया है। लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में डेरा डाले पड़े हैं और अभी तक उनकी भेंट राहुल गांधी और वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं से नहीं हो पाई है। लालू यादव की इच्छा है कि कांग्रेस तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के रूप में तेजस्वी यादव की घोषणा करे। अब यह तो समय बताऐगा कि राहुल गांधी और लालू यादव के बीच क्या समझौता होता है।*

*बहरहाल बिहार में प्रत्याशियों की घोषणा होते ही आया राम-गया राम का खेल शुरू हो जाएगा। क्यों कि तीनों प्रमुख पार्टियों की तरफ से इस बार वर्तमान विधायकों तक का पत्ता कटने वाला है। वहीं तीनों पार्टियों की इच्छा है कि इस बार युवा प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाये। भा.ज.पा. ने तो अपना मन बना लिया है, अब नीतीश कुमार और लालू यादव की पार्टियां कितने का पत्ता काटती है और कितने युवाओं को मैदान में उतारती है।*

*मैं यह सब लिख रहा था तभी कलि का आ गये और बोले-सुनो वत्स, बिहार में सभी की निगाहें मुस्लिम मतदाताओं पर टिकी है। बी.जे.पी. को छोड़कर सभी पार्टियां मुस्लिम प्रत्याशी के माध्यम से चुनाव जीतना चाहती है। मैंने कहा प्रभु और भी अन्य एस.टी., एस.सी., ओ.बी.सी. खासकर महिलाओं की संख्या अधिक होने के कारण कौन सी पार्टी कितने टिकिट महिला को दे रही है। यह एक अहम मसला है।*

*कलि बोले-सुनो वत्स, जिस दल ने नारी शक्ति को अधिक से अधिक मौका दिया वही इस बार बाजी मार सकता है। इतना कहकर कलि अंतर्ध्यान हो गये। (**क्रमशः---**)*

### बिहार चुनाव डायरी-जगत शर्मा

# सीएम योगी, डॉ. मोहन यादव, केशव प्रसाद मौर्य के साथ नरोत्तम मिश्रा की बिहार चुनाव में इंट्री

भोपाल/पटना ■ अमृत दर्शन

बिहार राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्तारूढ़ एनडीए सरकार के मुख्य घटक दल भाजपा ने सीट बंटवारे के बाद मिली अपनी सभी सीटों को लेकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी की राज्य इकाई ने जिन बड़े नेताओं को प्रदेश की अलग अलग विधानसभा सीटों पर रणनीतिक जिम्मेदारी सौंपने की सिफारिश की है, उनमें सबसे ज्यादा डिमांड उत्तर प्रदेश के सीएम और हिन्दुत्व के ब्रांड एंबेसडर माने जाने वाले योगी आदित्यनाथ की है। गोरखपुर से आने वाले योगी आदित्यनाथ का प्रभाव पूरे पूर्वांचल में है, जहां बिहार का एक बड़ा हिस्सा भी जुड़ा हुआ है। वहीं योगी आदित्यनाथ अपने बेबाक भाषणों से जबरदस्त ध्रुवीकरण करने में माहिर हैं।

योगी आदित्यनाथ के अलावा ओबीसी फैक्टर के चलते मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव को यादव वोटर्स और लालू प्रसाद यादव के वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए उपयोग करने का प्लान भी भाजपा ने बनाया है। जिसके तहत ही उन्हें स्टार प्रचारकों में शामिल कर ज्यादा से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में भेजने का अनुमान है। इसी तरह यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी इसी योजना के तहत उन सभी विधानसभा क्षेत्रों में भेजे जाने वाले हैं, जहां मौर्य, सैनी शाक्य, कुशवाहा वोटर्स ज्यादा है।



बिहार चुनाव में मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा को भी अहम जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उन्हें उन फिलहाल मुजफ्फरपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है बाकी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी उनका उपयोग रणनीतिक रूप से किया जाना है।

### बुलडोजर बाबा वाली छवि का फायदा लेना चाहते हैं प्रत्याशी

पिछले दिनों भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपर स्टार सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने सीएम योगी आदित्यनाथ की बुलडोजर बाबा वाली छवि पर आधारित एक गीत रिलीज किया है, जो काफी पसंद किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ की यह सख्त हिन्दुत्ववादी छवि का फायदा लगभग सभी पार्टी प्रत्याशी उठाना चाहते हैं, इसलिए ही सीएम योगी की लगभग चालीस आम सभाएं प्रस्तावित है, जिन पर पार्टी चुनाव प्रबंधन लगभग तैयारी कर चुका है।

### यादव वोटर्स को एनडीए से जोड़ेंगे डॉ. मोहन यादव

बिहार चुनाव में पिछड़ा वर्ग में सबसे अधिक प्रभावशाली वर्ग यादव समाज है, प्रदेश के सबसे ताकतवर राजनीतिक परिवारों में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का परिवार बिहार में यादव समाज के वोटर्स का आदर्श परिवार और सबसे पसंदीदा राजनीतिक दल माना जाता रहा है, लेकिन पिछले लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनावों में भी देखा गया है कि जो पकड़ लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक सक्रियता के समय यादव समाज पर रही वह अब उनके पारिवारिक कलह और उनके बेटे तेजस्वी यादव के कमान संभालने के बाद ढीली पड़ गई है। आरजेडी और इंडी गठबंधन की इसी कमजोरी का फायदा एनडीए घटक दल उठाना चाहते हैं, जिसके तहत एमपी सीएम डॉ मोहन यादव रणनीतिक रूप से फिट बैठते हैं। वह हिन्दुत्व का चेहरा है, प्रतिदिन तिलक लगाते हैं, भगवान श्रीकृष्ण की बात करते हैं यादव समाज को सीधा श्रीकृष्ण गुरु संदीपनी के साथ साथ हिन्दुत्व से जोड़ने में माहिर हैं। साथ ही देशी अंदाज में बात करते हुए आम आदमी को भी प्रभावित करते हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा की यह रणनीति बिहार विधानसभा चुनाव में कितनी कारगर साबित होती है।

### अंतर्मना उवाच

***चिंता चिता है, चिंता किसी समस्या का समाधान नहीं है..समस्या का समाधान तो चिंतन में है..!***



*तुम अपना थोड़ा सा चिंतन बदल लो बस, तुम्हारे दु:ख खत्म हो जाएंगे। जीवन में दु:ख है कहाँ और यदि थोड़ा बहुत है अभी तो उसमें से तुम सुख खोज लो, दु:ख में से सुख खोजा जा सकता है। **दु:ख में से सुख खोजने की एक कला है, वह कला तुम्हें सीखनी होगी।** मैं वही कला तो सिखा रहा हूँ, **ऐसा कोई दु:ख नहीं है जिसमें थोड़ा बहुत सुख ना हो।** बड़े बड़े दु:खों में छोटे-छोटे सुख छुपे होते हैं, क्योंकि **जो मिल ना सका** या फिर **जो खो गया,** उसके लिये जिंदगीभर शोक करना फिजूल का पागलपन है। **जो कुछ बचा है** या फिर **जो मिला है,** उसका उपभोग करो, उसका सुख भोगो, इसी में समझदारी है। इससे पीड़ा कम होगी, खुशियाँ बढ़ेगी। दो दांत यदि टूट गये, जो तीस बाकी है, उनसे काम लो, उनका सम्मान करो। दो की याद में शेष तीस को भूल जाना ही पागलपन है।*

*इसलिए- **जो है सो है..***

***बस इससे ही जीवन में आनंद भर जाएगा...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### कार में शराब की तस्करी करता तस्कर गिरफ्तार

**सागर।** सागर जिले की सानौधा थाना पुलिस ने अवैध शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। कार में 20 पेटी शराब दमोह से सागर जिले में खपाने के लिए लाई जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो ड्राइवर कार लेकर भागने लगा, जिसका पीछा कर उसे पकड़ा गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका साथी फरार है। जब्त शराब और कार की कुल कीमत 4.19 लाख रुपए बताई जा रही है। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद कार (एमपी 04 टीबी 1968) में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने गिरवर गांव के पास चेकिंग पॉइंट लगाया। जब कार आती दिखी तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर कार को तेज रफ्तार में भगा ले गया।

### नर्मदापुरम में गुप्ता ग्राउंड में पटाखा दुकान लगना शुरू

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में दीपावली के लिए गुप्ता ग्राउंड में पटाखा बाजार की तैयारी शुरू हो गई है। यहां 115 दुकानों का लेआउट तैयार कर दिया गया है और रविवार रात से दुकानों के लिए टीन शेड लगाना शुरू हो गया है। 14 अक्टूबर से लाइसेंस वाले व्यापारियों को दुकानें आवंटित की जाएंगी। इस बार पूरा पटाखा बाजार और पार्किंग कैमरों की निगरानी में रहेगा ताकि सुरक्षा बनी रहे। पटाखा बाजार प्रभारी हरीश गोस्वामी ने बताया कि पूरे बाजार की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुप्ता ग्राउंड के बाहर कोई भी दुकान लगाता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। केवल लाइसेंसधारी व्यापारी ही यहां दुकान लगा सकेंगे। बाजार में पार्किंग स्थल और गैलरी बनाई जा रही हैं। नगर पालिका की ओर से लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है और दमकल वाहन (फायर ब्रिगेड) 24 घंटे मौके पर मौजूद रहेगा। दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र और रेत से भरी बाल्टियां रखना अनिवार्य होगा।

### 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती पर निकलेगी रैली

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती मनाने के लिए एक बैठक आयोजित की। यह बैठक पुरानी इटारसी स्थित वल्लभ सरदार पटेल समाज भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य सुधीर पटेल ने की। इसमें जयंती समारोह की रूपरेखा पर चर्चा हुई, जिसमें युवाओं और वरिष्ठ सदस्यों ने अपने विचार बताए। लगभग तीन घंटे चली इस बैठक में सर्वसम्मति से 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन के तहत नर्मदापुरम की नर्मदा नदी से जल लाकर इटारसी के सतरास्ता स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक वाहन रैली निकालने पर भी सहमति बनी है। बैठक में कुशल पटेल, नवीन पटेल, शिव किशोर रावत, राजेश पटेल, रामगोपाल मलैया, चंद्रगोपाल मलैया, भगवती चौरे, उमेश पटेल, बाबू चौधरी, बहादुर चौधरी, आरके चौरे और मोहन गौर सहित कई सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने समाजजनों से जयंती समारोह और रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

### सगाई से लौट रहे परिवार की वैन को मारी टक्कर, महिला की मौत

**रतलाम।** दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर जावरा के पास भूतेड़ा टोल प्लाजा पर रविवार रात एक तेज रफ्तार कार ने मारुति वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वैन तीन बार पलट गई, जिससे उसमें सवार 75 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई और 6 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के हैं और रतलाम में एक सगाई समारोह से अपने घर लौट रहे थे। घायलों को जावरा में प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि झालावाड़ निवासी अरबाज अली की सगाई रविवार को रतलाम के एक निजी होटल में थी। उनका परिवार झालावाड़ से तीन गाड़ियों में सवार होकर रतलाम आया था।

### प्रधान आरक्षक रमेश जाटव की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर।** जबलपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में गोहलपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रमेश जाटव (61) की मौत हो गई। दुर्घटना डिलाईट टॉकीज के पास हुई, जब वे अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे। एक 407 वाहन का दरवाजा अचानक खुलने से वे उससे टकराकर अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल रमेश जाटव को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल ओमेगा अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई गोहलपुर रीतेश पांडे, टीआई ओमती राजपाल बघेल और टीआई सिविल लाइन अनूप नामदेव सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है।

### एक दिन पहले दिया था नोटिस

# कटारिया फार्मास्यूटिकल्स का लाइसेंस निरस्त, यहीं से छिंदवाड़ा गए थे सिरप

**जबलपुर ■ निसं**






छिंदवाड़ा और बैतूल में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लगातार कार्रवाई जारी है। जबलपुर की श्रीसन फार्मा कंपनी का महाकौशल डीलर ऑफिस है, जहां से कंपनी की अलग-अलग दवाएं जिले में सप्लाई की जाती थीं। जबलपुर के कटारिया फार्मास्यूटिकल ऑफिस से ही छिंदवाड़ा का बड़ा लॉट कोल्ड्रिफ सिरप का भेजा गया था। रविवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसके बाद खाद्य एवं औषधि विभाग ने कटारिया फार्मास्यूटिकल का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन ने कंपनी और उसके डीलर के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।

दो दिन पहले ही खाद्य एवं औषधि विभाग ने जांच के दौरान पाया था कि नोदरा ब्रिज स्थित कटारिया फार्मास्यूटिकल के ऑफिस-गोदाम में दवाओं का स्टॉक रखने की अनुमति नहीं थी। इतना ही नहीं, कटारिया फार्मास्यूटिकल के संचालक ने दुकान का लाइसेंस और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया, लेकिन गोदाम से जुड़े उनके पास कोई दस्तावेज नहीं थे, जबकि यहीं पर दवाओं का स्टॉक रखा जाता था। जिला प्रशासन के साथ मिलकर खाद्य एवं औषधि विभाग ने कटारिया फार्मास्यूटिकल के ऑफिस और गोदाम को फिलहाल सील कर दिया है।

कटारिया फार्मास्यूटिकल से मिले कफ सिरप के सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेजे गए थे। जांच में और भी कमियां टीम को मिली हैं। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत फर्म को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। पत्र प्राप्त होते ही एक दिन में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। जबलपुर से छिंदवाड़ा भेजे गए सिरप में डाइएथिलीन ग्लायकॉल (छ्श्वत्र) पाया गया है। खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि जहां दवाओं का स्टॉक रखा जाता था, वहां रेफ्रिजरेटर नहीं है, जबकि नियम के मुताबिक रेफ्रिजरेटर होना आवश्यक है। फर्म संचालक द्वारा सेल-परचेज का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया, जो गंभीर अनियमितता में आता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दवाओं का कस्टडी ऑर्डर ले लिया है। इसके बाद अब जांच की अनुमति भी मिल गई है।

तमिलनाडु की श्री सन फार्मा के द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप से अभी तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। खाद एवं औषधि प्रशासन ने स्टॉकिस्ट से यह भी पूछा है कि उन्होंने ऐसी दवा क्यों बेची, जो की स्टैंडर्ड क्वालिटी की नहीं थी और जिससे कई मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। कोल्ड्रिफ सिरप महाकौशल में सिर्फ जबलपुर से होते हुए छिंदवाड़ा जाती थी, जो कि संदेहास्पद है। खाद एवं औषधि विभाग के साथ प्रशासन इसका कारण भी स्पष्ट करने में जुटी हुई है।

कटारिया फार्मास्यूटिकल द्वारा ही छिंदवाड़ा में तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्यूटिकल द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की सप्लाई की गई थी, जिसके पीने से मासूम बच्चों की मौत हो गई। जांच के दौरान कटारिया फार्मास्युटिकल्स द्वारा दुकान का लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, लेकिन उस गोदाम से जुड़ा कोई दस्तावेज या अनुमति प्रस्तुत नहीं किया, जहां दवाओं का स्टॉक किया गया। जांच के दौरान मौके पर रेफ्रिजरेटर नहीं मिला। इसके अलावा फर्म संचालक द्वारा सेल-पर्चेज का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। औषधि निरीक्षक देवेंद्र जैन ने बताया कि फर्म को नोटिस का जवाब देने के लिए एक दिन का वक्त दिया गया था लेकिन उन्होंने तय समय अवधि में नोटिस का जवाब नहीं दिया जिसके तहत लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई है।

## बैंक में पैसा जमा करने निकले युवक की हत्या, जंगल में अधजला शव मिला



**शहडोल ■ निसं**

प्राथमिक जांच में हत्या के बाद शव पर आग लगाने की कोशिश की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि मामला संदिग्ध है और पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। घर से बैंक पैसा जमा करने निकले युवक की हत्या कर उसके शव को जलने की कोशिश की गई है। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र की है, जंगल में सर्चिंग के दौरान शव देख वन कर्मी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची। शव देख ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक पर पहले पत्थर से हमला किया गया और हत्या के बाद शव पर आग लगाई गई है। युवक घर से लापता था, जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से दर्ज कराई थी।

घर से लापता युवक का शव जंगल में अधजला मिला है। हत्या की पुलिस ने बात कही है। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार साहू (23) निवाशी बिजही थाना ब्यौहारी का रहने वाला था। वह 10 अक्तूबर को घर से दोपहर 12 बजे ब्यौहारी बैंक 12 हजार रुपये जमा करने निकला था।

पुलिस को परिजनों ने बताया कि एक ईएमआई की किस्त थी, जिसको लेकर राजकुमार घर से पैसे लेकर बैंक जमा करने निकला, लेकिन वह घर नहीं लौटा। दोपहर 3ः00 बजे मां से उसकी बात हुई जिस पर राजकुमार ने कहा कि मैं घर जल्द आता हूं। उसके बाद परिजनों से राजकुमार का संपर्क नहीं हुआ और वह घर से लापता हो गया। दूसरे दिन 11 अक्तूबर को परिजन थाने पहुंचे और गुम इंसान दर्ज करवाया।

## ससुराल से लौट रहे पिता-पुत्र की मौत, बोलेरो को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, पांच घायल रीवा रेफर

**सीधी ■ निसं**

सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचिटा मोड़ के पास रविवार शाम करीब 5ः30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बोलेरो सवार परिवार हस्तिनापुर से ससुराल में हुए तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर वापस रीवा लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, 50 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद पिता मनमोहन प्रसाद पांडे और उनके पुत्र 22 वर्षीय विश्वास कुमार पांडे (दोनों निवासी रीवा) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बोलेरो में सवार परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अमिता तिवारी (45 वर्ष), सोम तिवारी (40 वर्ष), और किरण पांडे (मृतक नरेंद्र प्रसाद की पत्नी) के अलावा दो अन्य लोग शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है।




स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी और कोचिटा मोड़ पर उसने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चुरहट दीपक सिंह बघेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है जबकि पांच लोग घायल हैं। सभी रीवा जिले के रहने वाले हैं और हस्तिनापुर से लौटते समय दुर्घटना का शिकार हुए हैं। चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. वरुण सिंह ने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि पांच अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया गया है।

## मड़सा गांव में धर्मांतरण की शिकायत पर पुलिस अलर्ट, मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के दर्ज किए बयान

**शहडोल ■ निसं**

जैतपुर के ग्राम पंचायत भठिया के अंतर्गत मड़सा गांव में धर्मांतरण को लेकर की गई शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। भाजपा और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने गांव में जाकर ग्रामीणों से बातचीत की और मामले से जुड़े करीब 12 लोगों के बयान दर्ज किए। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि मड़सा गांव में भोले-भाले आदिवासियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनैना सिंह सैय्याम ने कहा, यह हमारे समुदाय के लिए चिंता का विषय है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी हमारे आदिवासी भाइयों और बहनों को उनके विश्वास से भटकाने का प्रयास न करें।



सभा में बाइबिल का पाठ करते लोग।

पुलिस की टीम, जिसमें जैतपुर के थाना प्रभारी जिला उल हक भी शामिल थे, गांव पहुंची और वहां एक प्रजापति समाज के घर में चल रही चंगाई सभा का निरीक्षण किया। इस सभा में बाइबिल का पाठ किया जा रहा था और इसमें गोंड समाज के दो पास्टर भी मौजूद थे। चश्मदीदों के अनुसार, सभा में बैगा जनजातीय, गोंड समाज और प्रजापति समाज के लगभग 22 लोग सम्मिलित थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि हमने शिकायत की गम्भीरता को समझते हुए कई लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की है। अभी तक पीड़ितों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है, लेकिन हमने पूरे मामले की जानकारी कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है।

धर्मांतरण के मुद्दे पर समाज में विभाजन की संभावना को देखते हुए ही भाजपा और विहिप के नेताओं ने इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पत्नी के सामने हुए अपमान का बदला लेने फायरिंग की

# जबलपुर में रेस्टोरेंट मालिक पर गोलियां चलाईं; साईं बाबा से माफी मांगने शिर्डी पहुंचा, पकड़ाया

**जबलपुर ■ निसं**

जबलपुर में पत्नी के सामने हुई बदसलूकी का एक युवक ने ऐसा बदला लिया कि दो दिन बाद उसी रेस्टोरेंट में ताबड़तोड़ चार गोलियां चला दी। रेस्टोरेंट मालिक ने काउंटर में छिपकर अपनी जान बचाई, जबकि फायरिंग की आवाज सुनकर होटल में भगदड़ मच गई। पुलिस ने आरोपी गोलू कबाड़ी उर्फ महेश विश्वकर्मा और उसके साथी को महाराष्ट्र के शिर्डी से गिरफ्तार किया। दोनों उस समय साईं बाबा के दर्शन कर अपने किए अपराध की माफी मांगने जा रहे थे। बता दें, गोलू 2 अक्टूबर को अपनी पत्नी के साथ अभिनंदन रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। उसी दौरान वेटर और मालिक के साथ हुए विवाद के बाद गोलू ने 7 अक्टूबर को जाकर फायरिंग कर दी।

**पत्नी के सामने हुई धक्का-मुक्की से नाराज था:** घमापुर निवासी गोलू कबाड़ी उर्फ महेश विश्वकर्मा दशहरे की रात गर्भवती पत्नी को लेकर तीन पत्ती चौक स्थित अभिनंदन रेस्टोरेंट गया था। खाना खाते वक्त गलती से टेबल टकरा जाने पर होटल के वेटर राजू ने उसे ठीक से बैठने के लिए कहा।

इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद रेस्टोरेंट मालिक अश्विन परिया भी आ गए और बहस बढ़ गई। पत्नी के सामने हुई गाली-गलौज और धक्का-मुक्की से आहत गोलू वहां से बिना खाना खाए चला गया। संचालक ने झुककर काउंटर में छिपकर अपनी जान बचाई। फायरिंग के दौरान होटल में अफरा-तफरी मच गई। ग्राहक और स्टाफ के लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए। आरोपी गोलू फिल्मी अंदाज में पिस्टल लहराते हुए साथी के साथ फरार हो गया।



### दो दिन तक तलाश करता रहा, फिर चला दी गोली

2 अक्टूबर से गोलू वेटर राजू और रेस्टोरेंट मालिक की तलाश में होटल के चक्कर लगाता रहा। 7 अक्टूबर की शाम जब उसने संचालक अश्विन परिया को देखा, तो गुस्से में पिस्टल लेकर अपने साथी अनूप केवट के साथ रेस्टोरेंट पहुंचा। काउंटर पर बैठे अश्विन परिया पर गोलू ने चार राउंड फायरिंग की।

### 4 कारतूस मिले, सीसीटीवी से आरोपी की पहचान

घटना की सूचना मिलते ही मदनमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से चार खाली कारतूस मिले। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान गोलू कबाड़ी उर्फ महेश विश्वकर्मा के रूप में हुई। उसके खिलाफ पहले से मारपीट, अवैध वसूली और शराब बिक्री जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### PWD की 9 करोड़ की जमीन बेची, 3 अफसर सस्पेंड

# धीरेंद्र शास्त्री के यात्रा प्रभारी से 84 लाख में सौदा; तत्कालीन ईई पर भी कार्रवाई होगी




कमलेश मिश्रा, प्रभारी SDO

**छतरपुर ■ निसं**

छतरपुर में लोक निर्माण विभाग की जमीन बेचने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। विभाग के चीफ इंजीनियर सागर संभाग ने छतरपुर में पदस्थ 3 अधिकारियों-कर्मचारियों को लापरवाही का दोषी पाते हुए सस्पेंड कर दिया है। इसमें प्रभारी एसडीओ कमलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 विजय कुमार खरे और कर्मचारी राजाराम कुशवाहा शामिल हैं। एडीएम मिलिंद नागदेवे ने बताया कि इसी मामले में नियमों का पालन न करने और रजिस्टर में ओवरराइटिंग पाए जाने पर जिला प्रशासन ने नगर पालिका को भी नोटिस जारी किया है। जिनके नाम जमीन की गई वे बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री के यात्रा प्रभारी बताए जा रहे हैं।

**अफसरों की लापरवाही से विभाग की जमीन बिकी:** यह मामला हाईकोर्ट के प्रकरण एफ.ए./06/2005 से जुड़ा है। कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2024 को आदेश दिया था।

## इलाज के दौरान तीसरे दिन प्रसूता की मौत

### जिला अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप

**खंडवा ■ निसं**

खंडवा जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका आरती के पति अभिषेक ने दोषी डॉक्टरों के खिलाफ स्न्रङ्घक्र की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया है और पत्नी का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है।

मृतका के पति अभिषेक ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी आरती को कमर दर्द की शिकायत पर 7 अक्टूबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अभिषेक के अनुसार, डॉक्टरों ने 12 घंटे में 4 इंजेक्शन लगाए और 9 अक्टूबर को यह कहते हुए छुट्टी दे दी कि अब वह ठीक है।

### अंबेडकर प्रतिमा विवाद के बाद ग्वालियर में धारा 163 लागू

# 15 को हर आयोजन पर रोक, 50 को नोटिस, सोशल मीडिया से 260 पोस्ट हटाईं

**ग्वालियर ■ निसं**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना का विवाद थमता नहीं दिख रहा है। ताजा मामले में हाईकोर्ट के वकील अनिल मिश्रा द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणी से ग्वालियर-चंबल अंचल में तनाव की स्थिति बन गई। मिश्रा के बयान पर दलित संगठनों ने 15 अक्टूबर को ग्वालियर में कड़ा विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर लगातार ग्वालियर पहुंचने की अपील की जा रही है।

वहीं, सवर्ण समाज के संगठनों ने भी 15 अक्टूबर को ग्वालियर पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन करने की बात कही है। दोनों पक्षों की ओर से सोशल मीडिया पर की जा रही अपीलों को देखते हुए ग्वालियर पुलिस ने बलवा और उपद्रव से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की है।

जिला प्रशासन सोशल मीडिया से लेकर तमाम कानूनी व्यवस्थाओं पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। पुलिस ने 260 भड़काऊ पोस्टों को हटवाया है। 50 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए हैं। विवादित बयान देने के चलते वकील अनिल मिश्रा के खिलाफ ग्वालियर और महाराष्ट्र में अलग-अलग दो स्न्रढ्ढक्र दर्ज हो चुकी हैं। ग्वालियर में हाईकोर्ट परिसर में अंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर विवाद चल रहा है। आजाद समाज, भीम आर्मी, ओबीसी महासभा सहित वकीलों का एक धड़ा प्रतिमा लगाने की मांग कर रहा है जबकि वकीलों का दूसरा धड़ा इसके खिलाफ है। इसे लेकर वाद-विवाद और बयानबाजी का दौर चल रहा है।



पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक, मिश्रा ने सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में डॉ. अंबेडकर को अंग्रेजों का गुलाम-एजेंट, झूठा कहने के साथ ही आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया है। ग्वालियर जिला प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी है। अब बगैर अनुमति धरना-प्रदर्शन, जुलूस, चल समारोह नहीं निकाले जा सकेंगे। कलेक्टर-एसपी ने शहर के व्यापारियों, प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर शांति की अपील की है। बैठक में 15 अक्टूबर को कोई भी कार्यक्रम न किए जाने पर सहमति बन गई है। फिर भी पुलिस किसी भी स्थिति में ढिलाई छोड़ने के मूड में नहीं है।

# आईडीएफसी बैंक कर्मचारियों ने चार लोगों के साथ लोन के नाम पर की हेराफेरी

## पहले लोन दिलाया, फिर खाते में रकम आने के बाद उड़ा दी

भोपाल ■ अमृत दर्शन




बागसेवनिया इलाके में आईडीएफसी के दो कर्मचारियों ने चार लोगों को पहले लोन दिलाया और फिर उसकी एनओसी दिलाने के नाम पर उसके खाते में आई लाखों रुपए की लोन की रकम उड़ा दी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बैरसिया निवासी राजा राजपूत पुत्र ज्ञान सिंह राजपूत (25) एक निजी कंपनी में काम करता है। उसे कुछ समय पहले लोन की जरूरत थी। इस दौरान उन्होंने आईडीएफसी के मैनेजर उदित के फोन पर बातचीत हुई थी। इस पर उन्होंने अपने सेल्स ऑफिसर प्रशांत को नंबर दिया तो फरियादी ने उससे फोन पर बातचीत की। बाद में आरोपी प्रशांत ने उसे मिलने के लिए ढाबे पर बुलाया, जहां उसने अपने सर रोहन कुशवाहा से मुलाकात कराई। दोनों उसके मोबाइल से लोन के लिए एप्लाई किया और कुछ दिनों में ही एक लाख 43 हजार रुपए का लोन हो गया और रकम खाते में आई। इसके बाद दोनों आरोपियों ने युवक को फिर बुलाया और उसके मोबाइल से रकम दूसरे खाते में ट्रासफर कर ली। साथ ही कहा कि बैंक से एनओसी आने के बाद रकम खाते से निकालना। इसी बीच बैंक से फोन आया कि उसकी ईएमआई आने वाली है। शक होने पर वह बैंक पहुंचे तो पता चला कि उनका लोन हो गया है, और दोनों आरोपियों ने ठगी की है।

### दो नौकरों को पीटा, महिलाओं से भी मारपीट के आरोप

# ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉयज ने भाजपा नेता के घर लाठी-डंडों से लैस होकर किया हमला

भोपाल ■ अमृत दर्शन

नये शहर के कोलार थाना इलाके में स्थित दानिश हिल्स कॉलोनी में उस समय हंगामा मच गया जब यहॉ रहने वाले भाजपा नेता हर्षित गुरु के घर पर ब्लिंकिट कंपनी का डिलीवरी बैग लटकाए दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों ने जमकर हंगामा करते हुए मारपीट कर डाली।

बताया गया है की विवाद का कारण मंगाये गये सामान का कुछ भुगतान कैश कैश और कुछ पैमेंट ऑनलाइन करने की बात को लेकर हुआ था। जबकि डिलेवरी ब्वॉय सारा भुगतान कैश या ऑनलाइन करने की बात कर रहा था। शनिवार शाम को हुई इस घटना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, मामले में पुलिस ने कायमी कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने 12 से ज्यादा डिलीवरी बॉयज पर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट के साथ ही परिवार की महिलाओं को भी पीटने और उनसे दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।




मिली जानकारी के दानिश हिल्स कॉलोनी में रहने वाले हर्षित गुरु बीजेपी नेता है। उनका एक पार्सल डिलीवर करने लिए ब्लिंकिट कंपनी का कर्मचारी उनके घर पहुंचा था। हर्षित की पत्नी ने पार्सल के ऐवज में कुछ रकम डिलीवरी बॉय को कैश दी और बाकी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर करने की बात कही। इस पर डिलीवरी बॉय ने पूरी रकम कैश या पूरी ऑनलाइन देने की बात कही। इसी बात को लेकर डिलीवरी बॉय और हर्षित की पत्नी के बीच बहसबाजी शुरु हो गई। उस समय उनके नौकरों ने डिलीवरी बॉय को घर से बाहर निकाल दिया।

घर से निकाले जाने के बाद गुस्साया डिलीवरी बॉय अपने सेंटर पर पहुंचा और सारी बात अपने साथियों को बताई। और उनके साथ लाठी-डंडे लेकर दोबारा हर्षित गुरु के घर आ पहुचां और हमला कर दिया। बताया गया है, की आरोपी डिलीवरी बॉयज हर्षित गुरु को ही पीटने पहुंचे थे, लेकिन बड़ी संख्या में आरोपियो को डंडे-लाठियो से लैस देख वह बाहर नहीं आए। और उन्हें देख घर के गेट बंद कर लिए। आक्रोशित डिलीवरी बॉयज के हत्थे मकान के पोर्च में खड़े दोनों नौकर चढ़ गये।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की नींद लगी और चकमा देकर फरार हो गया 2 करोड़ की चोरी का आरोपी

**भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में पिछले महीने हुई दो करोड़ रुपए की चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस की निगरानी से भाग निकला। रायबरेली से शुक्रवार को चार पुलिसकर्मियों की टीम ने आरोपी को पकड़कर ट्रेन से भोपाल लाने की तैयारी कर रही थी, लेकिन शनिवार सुबह कानपुर स्टेशन पर पुलिस की नींद लगने पर पर वह चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन वह ट्रेन से उतरकर गायब हो चुका था। जानकारी के अनुसार बीती 29 सितंबर को कोहेफिजा के ओमनगर क्षेत्र निवासी वकील आनंद पाराशर के घर का ताला तोड़कर सागर निवासी अंकित तिवारी और रायबरेली निवासी अजू उर्फ अजय शाक्य ने लगभग दो करोड़ रुपए की चोरी की थी। इस मामले में पहले ही वकील की भतीजी डाली और उसके दोस्त रवि विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं पांचवां आरोपी देवू उर्फ देवाशीष शर्मा पहले से अड़ीबाजी के मामले में जेल में बंद है। सूत्रों की माने तो आरोपी ट्रेन में सोते हुए पुलिसकर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाकर फरार हुआ है। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में लगी है और रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर उसे पकडने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बदमाशों ने सुपरवाइजर पर डंडे से हमलाकर 9 हजार लूटे

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में स्थित टीएम कान्वेंट स्कूल के पास शनिवार सुबह एक निजी अस्पताल के हाउसकिपिंग सुपरवाइजर पर दो नाबालिग सहित तीन युवकों ने डंडे से हमला कर उसकी शर्ट और पेंट की जेब से 9 हजार रुपए लूट लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर दो नाबालिगों को दबोच लिया जबकि तीसरा आरोपी फरार है। पुलिस के अनुसार, राहुल पाण्डे (32) पुत्र राजेश पांडे, बर्रई कटारा हिल्स में रहते हैं, और एक निजी अस्पताल में हाउसकिपिंग सुपरवाइजर हैं। शनिवार को उनकी बेटी का जन्मदिन था, इसलिए उन्होंने ड्यूटी से अवकाश लिया था। सुबह करीब 9 बजे वह रैपिडो से सवारी लेकर बागमुगालिया पहुंचे और परिचित का मकान देखने गए। लौटते समय टीएम कान्वेंट स्कूल के पास दो नाबालिग और एक युवक ने उन्हें डंडा दिखाकर रोका। एक नाबालिग के हाथ में कांच और युवक के हाथ में डंडा था। तीनों ने गाली-गलौच करते हुए डंडे से हमला किया और राहुल की जेब से 9 हजार रुपए छीने। इसके बाद आरोपी पास की कॉलोनी की ओर भाग गए। राहुल की शिकायत पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज किया। शुरुआती पड़ताल के बाद पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया, जबकि फरार आरोपी अप्पू की तलाश की जा रही है।

### डेढ़ साल में सायबर ठगोरों ने की करोड़ों की ठगी

भोपाल। राजधानी भोपाल में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ठग लोगों को झूठे केसों में फंसाने का झांसा देकर लाखों रुपयों की ठगी कर रहे हैं। वहीं, पुलिस द्वारा कई बार डिजिटल अरेस्ट में फंसे व्यक्ति को बचा तो लिया जाता है, लेकिन तब तक पीड़ित लाखों रुपये गवां चुका होते हैं। पुलिस द्वारा लगातार जागरुकता अभियान के बावजूद ऐसी घटनाओ पर अकुंश नहीं लग पा रहा है। आंकड़ो के अनुसार बीते डेढ साल में भोपाल में ऐसे करीब 72 मामले दर्ज हए हैं। आरोपी अब रिटायर्ड कर्मचारियो को अपने झांसे में फंसाकर ठग रहे हैं। बताया जा रहा की ठगों ने ऐसे लोगो से करीब 3.28 करोड़ रुपए हड़प लिए हैं। पुलिस के मुताबिक अधिकतर मामलों में पीड़ित पढ़े-लिखे और रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारी हैं। प्रतिष्ठा और कानूनी कार्रवाई के डर में वे ठगों की बातों में आकर रकम ट्रांसफर कर देते हैं। साइबर सेल के अनुसार, साल 2024 में 53 मामलों में 1.82 करोड़ रुपए, जबकि 2025 में सितंबर तक 19 पीड़ितों से 1.46 करोड़ रुपए की ठगी हो चुकी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्योपुर से किसानों को किया वर्चुअली सम्बोधित

# किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

- अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर अहिल्या माता की नगरी को किया धन्य
- भावांतर योजना से किसानों के जीवन में आयेगी खुशहाली
- हजारों की संख्या में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर भावांतर योजना के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार
- देपालपुर, इंदौर और उज्जैन में किसानों के साथ जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल



#### भावांतर योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का है कवच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज इंदौर में चारों तरफ ट्रैक्टर नजर आ रहे है। अन्नदाताओं ने भव्य रैली निकालकर माता अहिल्या की नगरी को धन्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। सिंचाई, बीज, खाद, भंडारण और विपणन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जा रहा है, जिससे कृषि एक लाभकारी व्यवसाय बन सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भावांतर योजना केवल एक भुगतान व्यवस्था नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक सुरक्षा का कवच है।

#### किसानों को उनकी मेहनत और हक का दिलाया जायेगा पूरा पैसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सोयाबीन के एमएसपी दर में 500 रूपये की वृद्धि कर 5328 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिये पूरे प्रदेश में लगभग 1700 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें अब तक 5 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल का पंजीयन कराया है। अकेले इंदौर जिले में ही अब तक 35 हजार से अधिक किसानों ने सोयाबीन फसल के लिये अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर रखी गई है। किसानों को फसल बेचने के 15 दिवस के भीतर राशि वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी किसानों को उनकी मेहनत और हक का पूरा पैसा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि प्रदेश के किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और खुश हैं। किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखना ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

भोपाल ■ अमृत दर्शन

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लागू की गई भावांतर योजना के लिए इंदौर जिले के देपालपुर और उज्जैन के किसानों ने रविवार को भव्य ट्रैक्टर रैली निकालकर राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना। ट्रैक्टर रैली में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के किसान इंदौर के सुपर कॉरिडोर में एकत्रित हुए, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव का किसानों के हित में लिये गये निर्णय के लिये आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर जिले से किसान रैली में वर्चुअली शामिल हुए और किसानों के स्नेहपूर्ण आभार प्रदर्शन के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भावांतर योजना के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य मिले। बाजार में यदि दाम घटते भी हैं तो सरकार किसानों की आय में कोई कमी नहीं आने देगी। किसानों के चेहरे पर लौटती मुस्कान हमारे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा पंजीयन से लेकर फसल बेचने तक किसानों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि मंडियों में उपस्थित रहकर किसानों के लिये सभी व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक सोयाबीन फसल के लिये अपना पंजीयन करायें।

# पथ संचलन का मार्ग साफ बाकी जगह गंदगी का अंबार

### पार्षद बोली -विसर्जन घाट पर ड्यूटी होने से सफाई कर्मचारियों की संख्या में कमी

भोपाल ■ अमृत दर्शन



राजधानी भोपाल के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र न्यू-मार्केट में पिछले तीन दिनों से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में सफाई नहीं हो सकी है। क्षेत्र में सब्जी फलमार्केट के साथ ही अन्य वस्तुओं की गंदगी के चलते क्षेत्र की जनता को बदबू की वजह से जीना दूभर हो रहा है। लेकिन क्षेत्रीय पार्षद आरती अनेजा को जनता से ज्यादा अपने आकाओं की फिक्र है। रविवार को क्षेत्र के तात्याटोपे स्टेडियम में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ का पथ संचलन भी निकला। इसमें सबसे रौचक बात यह रही कि जिस जगह से पथ संचलन निकला उस मार्ग को साफ कर दिया गया ओर चूना भी डाल दिया गया,बाकी क्षेत्र में गंदगी वही पड़ी रही।

इस संबंध में जब पार्षद आरती अनेजा से बात की तो उन्होंने जो तर्क दिया वह शायद किसी को सही नहीं लगे। पार्षद आरती का कहना था कि साफ-सफाई बराबर हो रही है। लेकिन निगम के सफाई कर्मचारी पिछले कई दिनों से विसर्जन घाट पर ड्यूटी कर रहे हे। जिसके चलते क्षेत्र में सफाई कर्मियों की संख्या कम होने से कही साफ-सफाई नही हुई होगी। जब उनसे क्षेत्र में रविवार को संघ के पथ संचलन को लेकर पूछा गया कि ऐसे में सफाई न होने से पथ संचलन कैसे निकला तो उनका कहना था कि दो दिन से क्षेत्रीय विधायक ओर महापौर ने स्वयं पथ संचलन के मार्ग का निरीक्षण कर साफ-सफाई करने के निर्देश नगर-निगम के अधिकारियों को दिए थे जिसके बाद पूरे पथ संचलन मार्ग को साफ किया गया है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिस मार्ग से पथ संचलन निकलना था उसे पूरी तरह साफ कर दिया गया लेकिन जहांआम जनता रहती है वहां गंदगी का अंबार लगा रहा । इससे साफ होता है कि पार्षद को जनता से ज्यादा अपने आकओं की चिता है। जिसके कारण वह अपने वार्ड में साफ-सफाई भी नहीं करवा पा रही है।



**भोपाल।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, कोहेफिजा शाखा, भोपाल द्वारा मानसिक रोग जागरूकता अभियान चलाया । परिषद की महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य निरंतर करती हैं। इसी के तहत सांस्कृतिक सचिव प्रमिला भंडारी के निर्देशन में मानसिक रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी सदस्य सूती साड़ी के ऊपर जैकेट पहनकर भारतीय संस्कृति का परिचय दे रहे थे। समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि, सभी बहनों ने बैनर लेकर रैली निकालकर लोगों को मानसिक रोग के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में डॉक्टर समृद्धि ने मानसिक रोग क्या है? उसका निवारण कैसे हो सकता है ? महिलाएं उससे कैसे ग्रसित हैं ,इस बीमारी से बचने के लिए उपाय बताए।

### वृद्ध के साथ लूट करने वाले बदमाशों को राहगीरों ने दबोचा

**भोपाल।** शहर के अशोका गार्डन थाना इलाके में शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे वृद्ध के साथ लूट की कोशिश करने वाले दो बदमाशो को राहगीरों ने दबोच लिया। बदमाश युवकों ने बुजुर्ग को छुरी दिखाकर लूटने का प्रयास किया। हिम्मत कर बुजुर्ग के चीखते हुए शोर मचा दिया, उनकी आवाजे सुन वहां मौजूद लोगों ने दोनों को दबोच लिया। बाद में मौके से निकल रही एक महिला पुलिसकर्मी ने रुककर थाने और डायल-112 को कॉल किया। लेकिन उनके कॉल करने के करीब आधे घंटे के बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। आखिरकार स्थानीय लोग दोनों आरोपियो को खुद ही थाने लेकर पहुचें। बताया गया है की भीड़ ने दोनों बदमाशो की पिटाई लगा दी थी। आरोपियो में से एक नाबालिग है। वहीं लोगो के थाने जाने के बाद दो पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

# मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट के बी-2-बी इवेंट और प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने एमवीएम ग्राउंड में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट में आयोजित बी-2-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट एवं प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ किया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक संबंधों को सुदृढ़ करना है। साथ ही मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश पर्यटन के पेवेलियन और प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन की जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रख्यात अभिनेता रघुवीर यादव तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला भी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण परिवेश को जीवंत प्रदर्शनी विलेज वाइब्स के माध्यम से प्रदर्शित करने पर प्रशंसा की। उन्होंने महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद किया। साथ ही ग्रामीण किचन की प्रतिरूप मां की रसोई, ब्लॉक प्रिटिंग, सुविनियर शॉप, चंदेरी साड़ी वीविंग, लाइव गोंड पेंटिंग के लाइव डेमो का अवलोकन किया।

## मध्यप्रदेश सरकार के अनुरोध पर डीईजी और ईजी परीक्षण जनरल मोनोग्राफ में शामिल

# तमिलनाडु की दवा कंपनी में हुई लापरवाही पर दोषियों पर कठोर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु सरकार से सतत संपर्क में रहें: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

- कफ सिरप निर्माताओं की करें सघन जांच
- दवा निर्माण में इन रसायनों की अनिवार्य जांच होगी सुनिश्चित
- औषधि निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने ड्रग मॉनिटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन का मसौदा शीघ्र होगा तैयार
- खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्यवस्था की वृहद समीक्षा की

भोपाल ■ अमृत दर्शन

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल में खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्यवस्था की वृहद समीक्षा की। उन्होंने छिंदवाड़ा की दुखद घटना पर की जा रही कार्रवाई की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु शासन एवं प्रशासन से सतत संपर्क में रहकर दोषियों सख्त कार्यवाही चिन्हांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है जिसमें



मध्यप्रदेश ने अपने अनमोल चिराग़ों को खोया है। इस घटना में लिप्त निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ-साथ ऐसे अधिकारी जिन्होंने जांच में कोताही बरती है, उन पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि घटना में तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक त्रुटियों को स्पष्ट करते हुए संबंधित अधिकारियों की भूमिका का स्पष्ट चिन्हांकन कर तमिलनाडू शासन को पत्राचार कर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कठोर कार्यवाही नितांत आवश्यक है ताकि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हो। साथ ही अन्य ड्रग मैन्युफैक्चरर सजग हों और नियमों की अनुपालना सुनिश्चित हो।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर सीडीएससीओ के साथ संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश के कफ सिरप निर्माताओं की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि औषधियों की गुणवत्ता, विक्रय व्यवस्था और कोडीन आधारित दवाओं के दुरुपयोग के नियंत्रण के लिए नियमों की सख्त अनुपालना सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की संयुक्त जांच में कोल्ड्रिफ़ सिरप, रिलाइफ़ सिरप और रिस्पीफ्रेश टीआर सिरप की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है। इन उत्पादों की बिक्री, स्टॉक और जब्ती संबंधी कार्यवाही की दैनिक मॉनिटरिंग करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने डायथाइलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल के परीक्षण को इंडियन फार्माकोपिया के जनरल मोनोग्राफ में शामिल कर लिया है, जिससे दवा निर्माण में इन रसायनों की अनिवार्य जांच सुनिश्चित होगी। कोडीन आधारित औषधियों की बिक्री पर नियंत्रण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सी एंड एफ एजेंसी से होलसेलर को अधिकतम 1000 बॉटल्स और होलसेलर से रिटेलर को अधिकतम 50 बॉटल्स प्रति माह से अधिक बिक्री की सूचना औषधि निरीक्षक को देना अनिवार्य होगा।

## अनमोल वचन

सफलता की खुशी मानना अच्छा है पर उससे ज़रूरी है अपनी असफलता से सीख लेना।
**बिल गेट्स**

गलतियां हमेशा क्षमा की जा सकती हैं, यदि आपके पास उन्हें स्वीकारने का साहस हो।
**ब्रूस ली**

## सम्पादकीय

# क्या बांग्लादेश के रास्ते पर चल पड़ा भारत?

*दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की जड़ें गहरी जरूर हैं, लेकिन समय-समय पर सत्ता के केंद्रीकरण और संस्थाओं पर राजनीतिक नियंत्रण ने इन जड़ों को कमजोर किया है। 2018 में बांग्लादेश में लागू साइबर सिक्योरिटी एक्ट ने लोकतंत्र की उस बुनियाद को हिला कर रख दिया था, जिस पर स्वतंत्र मीडिया और अभिव्यक्ति की आज़ादी टिकी होती है। पत्रकारों, ब्लॉगर्स और आलोचकों को चुप कराने, मीडिया संस्थानों पर सेंसर लगाने, और चुनाव आयोग तथा न्यायपालिका को सरकार के नियंत्रण में लाने की प्रक्रिया ने धीरे-धीरे एक तानाशाही शासन का रूप ले लिया। परिणामस्वरूप, 2024 के आम चुनावों में विपक्ष के बहिष्कार, हिंसा और धांधली ने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक विश्वसनीयता को पूरी तरह खत्म कर दिया। आवामी लीग की शेख हसीना ने 300 में से 224 सीटें जीतकर सत्ता तो बचा ली, लेकिन जनता का भरोसा खो दिया। इसी के साथ कहा गया कि चुनाव आयोग, न्यायपालिका और पुलिस पर सरकार का सीधा नियंत्रण हो गया। तत्कालीन सरकार के इशारे पर पुलिस कार्यवाही करती देखी जाने लगी और न्यायालय फैसला देने लगे। सत्ता का दुरुपयोग शुरू हुआ तो हसीना सरकार के सारे फैसले राजनीतिक हित साधने वाले और हर शासकीय काम में धनसंग्रह वाले दृष्य दिखाई दिए। सरकार का एक तरफा निर्णय होना शुरू हुआ। वहीं दूसरी तरफ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने लोगों में असंतोष फैला दिया, और जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन में 400 से अधिक छात्रों की मौत ने जनाक्रोश को विस्फोटक बना दिया। जब जनता और विपक्ष दोनों को लगा कि चुनाव आयोग सरकार का औजार बन चुका है, न्यायपालिका निष्क्रिय है और पुलिस सत्ता की कठपुतली बन चुकी है, तब शासन की वैधता खत्म हो गई। अंततः 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को अकस्मात देश छोड़ना पड़ा, यह उस राष्ट्र का पतन था जिसने कभी स्वतंत्रता के लिए आंदोलन किया था, पर अब जहां लोकतंत्र खोता हुआ दिखाई दिया। दुर्भाग्य से, भारत में भी कुछ परिदृश्य अब उसी दिशा में जाते दिखाई दे रहे हैं। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर बार-बार उठते सवाल, विपक्ष की शिकायतों पर निष्क्रियता, और सरकार की मर्जी से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, ये सब संकेत हैं कि लोकतांत्रिक संस्थाएं अब स्वतंत्र नहीं रहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) जैसी संस्था जब चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है और सुप्रीम कोर्ट से न्याय की जगह तारीखें मिलती हुई नजर आती हैं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए, जबकि सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा बार-बार आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर भी चुनाव आयोग चुप रहा। अदालतों से भी तत्काल राहत नहीं मिली; 'तारीख पर तारीख' ने जनता का न्यायपालिका से भरोसा डगमगा दिया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना और उसके बाद देशभर में मिली मिश्रित प्रतिक्रियाएं इस विश्वास संकट को और गहरा कर रही हैं। भारत के लोकतंत्र में जनता का भरोसा सबसे बड़ा स्तंभ रहा है, लेकिन जब यह भरोसा डगमगाने लगे, तब यह चेतावनी होती है कि व्यवस्था खतरे में है। आज बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं का असंतोष एक उभरता हुआ सामाजिक विस्फोट बनता जा रहा है। लेह में चार युवाओं की मौत और सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी ने इस बेचैनी को और बढ़ाया है। यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की आवाज है जो अपने भविष्य के लिए चिंतित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष हो चुके हैं। 2014 में जब वे सत्ता में आए थे, तो उन्होंने रोजगार, विकास और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के वादों के साथ नई उम्मीद जगाई थी। परंतु आज जब बेरोजगार युवा सड़कों पर हैं, और चुनावी प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम भी बांग्लादेश जैसी दिशा में तो नहीं बढ़ रहे? वैसे भी अब पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा को लेकर लोगों में वह विश्वास नहीं दिख रहा जो 2013-14 में देखने को मिला था। हद यह है कि 2024 के बाद से सारे देश में यह धारणा बनने लगी कि भाजपा चुनाव प्रबंधन करके चुनाव जीत रही है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आरोप है, चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाता सूची और मतगणना में गड़बड़ी कराकर यह चुनाव भाजपा के पक्ष में प्रभावित किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 45 दिन के अंदर जो चुनाव याचिकाएं हरियाणा और महाराष्ट्र में दायर की गईं उसके बाद सरकार ने जिस तरह से नियमों को बदला है और चुनाव आयोग मनमाने तरीके से अपने निर्णय को बार-बार बदल रहा। इन सब को देखते हुए युवाओं को अब लगने लगा है, चुनाव आयोग पर विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए बिहार में वोट चोरी के विरोध में रैली निकाली गई, वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगे। पिछले एक माह में जिस तरह से युवा विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर आते दिख रहे हैं, जिस तरह के नारे लगाए रहे हैं यह कहीं ना कहीं यह दिखा रहे हैं कि बांग्लादेश और नेपाल में जो हुआ है लगभग उसी तरीके की स्थिति भारत में भी बनने लगी है। लेह में 4 युवाओं की मौत और फिर शांति पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक को जिस तरह से सरकार ने गिरफ्तार कर जेल भेजा, उसकी भी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देश भर में देखने को मिल रही है। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि चुनाव आयोग, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संवैधानिक संस्थाएं सत्ता के दबाव में कार्य करेंगी, तो लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा।*

## चिंतन-मनन

### सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

*पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है? यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?*

# अहोई माता: संतान के जीवन में मंगल भरने वाली शक्ति



योगेश कुमार गोयल

*'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 13 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है।*

करवा चौथ के चार दिन पश्चात् और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले भारत में हिन्दू समुदाय में एक प्रमुख त्यौहार 'अहोई अष्टमी' मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। 'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 13 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विघ्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई। अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र-पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनो पति-पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन-सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु-भक्ति में व्यतीत करें।

यही विचार कर दोनों अपना घर-बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रूककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे-धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीर्घायु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना। चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि-विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा।

साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, "हमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीर्घायु का वरदान दें।" "तथास्तु!" कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गई। कुछ समय के बाद साहूकार दम्पत्ति को दीर्घायु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे।

देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया हैं, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

**(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)**



# खिसियाए ट्रम्प शांति दूत बनेंगे या शांति हरेंगे?



ऋतुपर्ण दवे

*अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रम्प भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयंभू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है?*

बड़बोले डोनाल्ड ट्रम्प को नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मिया मिट्ठू बनने वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। अपने लिए नोबेल पुरुस्कार मांगने वाले और इसके लिए दावे दावे करने वाले वाले ट्रम्प को भी नोबेल पुरुस्कार नहीं मिला। शांति के नोबेल पुरुस्कार के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज ट्रम्प के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रम्प को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है।

दरअसल ट्रम्प की दावेदारी और पुरुस्कार न मिलने पर बजाए खुलकर बोलने के लोग, उनके घमण्ड, धौंस, धमक और दादागीरी को वजह बताते हैं जो नोबेल शांति के रूप में नहीं मिला। वैसे भी हर पुरुस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रम्प कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे। लेकिन उन्हें अमरीका का राष्ट्रपति होने का गुमान था इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरुस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरुस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है। अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रम्प भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयंभू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है? इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। यह वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही को लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण बदलाव के लिए किए गए अथक संघर्ष का सम्मान है। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया। अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रम्प भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है।

यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरुआत से ही शांति के नोबेल पुरस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैंने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो! दुनिया जानती है कि ट्रम्प कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रम्प को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा, लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है। अब ऐसा भी नहीं है कि अमरीका जैसे देश सशक्त देश के राष्ट्रपति को इतना भी भान न हो? अब एक पुराना और चौंकाने वाला वाकया सुर्खियों में है। जब एडॉल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने की कोशिश हुई। इससे हर कोई असहज हुआ होगा। उनके क्रूर होने के किस्से-कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज है।

# उपनिवेशवाद की सोच भारतीयों को कुछ नया करने में बाधक

कांतिलाल मांडोत

*आरएसएस भारतीय रास्ट्रवाद का स्वयंसेवक संगठन के विजयादशमी के दिन सौ वर्ष पूर्ण होने पर देश-विदेश में राष्ट्र को समर्पित अनेक कार्यक्रम हुए और अभी भी जारी है। कई उतार चढ़ाव से गुजरने के बाद अब आरएसएस वटवृक्ष बन गया है।भारत की ज्ञान परम्परा और शिक्षा पद्धति पर चिंतन होता रहा है।दुनिया मे शायद ही किसी संगठन की इतनी आलोचना की होगी,जितनी आरएसएस की हुई है।बिना आधार के आरएसएस पर लगाए सभी आरोप कपोल कल्पित और जूठे साबित हुए।दरअसल,अपने मन मे देश के प्रति जज्बा लिए ये युवा अपना सर्वस्व अर्पण कर देशसेवा के लिए हर जंग लड़ने के लिए हर समय तैयार रहते है।नीतिमत्ता और ईमानदारी का गुण जीवन की आधारशिला है।समाज को आगे लाने के लिए हर कदम पर सहयोग मिलने से भारत एक मजबूत राष्ट्र बनता जा रहा है।रास्ट्रीय स्वयंसेवक से सरसंघचालक मोहन भागवत की सक्रियता और समर्पण भाव को देखकर हर व्यक्ति दंग रह जाता है। भाजपा के राजनैतिक वर्चस्व के इस दौर में राष्ट्रवाद की भगवा सोच भी उसी तीव्र गति से बढ़ाया गया।आज भाजपा की मजबूत नींव पर आरएसएस के शुद्ध संकल्प और अच्छी सोच का ही कारण रहा है।संघ ने शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल परिवर्तन करने और भगवा विचारों में रंगने की चाह के लिए रणनीति के साथ पहल हुई थी।संघ का योगदान देश की आजादी के समय 1947 में भी भरपूर रहा है।कश्मीर पर पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर संघ बराबार नजर रखे हुए था। 1962 में संघ के स्वयंसेवक जिस तरह सीमा पर पहुँचे, उसे पूरे देश ने देखा।1963 में 26 जनवरी पर प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वयंसेवक के कार्यकर्ताओं को परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया।ये देश के प्रति समर्पित है।1965 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री ने संघ को याद किया।स्वयंसेवको ने कानून व्यवस्था संभाली थीं।आरएसएस ने देशहित में अनेक ऐसे कार्य किये है।जिसका इतिहास बन चुका है।उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त कराने के लिए शिक्षा से ही संभव है।और इस पर सरसंघचालक कही बार अपने मंच से बोलकर देश को अवगत कराते आ रहे है।शिक्षा के उद्देश्य, विषय वस्तु और व्यवस्था में भारतीयता होनी चाहिए।मोहन भागवत का सारा समय देश के लिए समर्पित है।देश मे आए दिन अनेक सभा और पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओ को प्रशिक्षित कर देशसेवा के प्रति समर्पण भाव के गुर सिखाए जा रहे है।संघ यह भी मानता है कि सत्ता से नही,बल्कि समाज के द्वारा ज्यादा प्रभावी होता है।वर्तमान में जो नवीन ज्ञान हमे मिल रहा है,उसे सीखे।जो सीखने योग्य है ,उसे अवश्य सीखे, किन्तु सीखने का उद्देश्य यही है कि हम अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन मूल्यो को नष्ट करके की जरा भी भूल नहीं करे। यही शिक्षा उपादेय,सार्थक एवं गाह्य है, जिसके द्वारा सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, इंद्रिय,निग्रह, त्याग, परोपकार, दया, करुणा आदि गुणों का विकास हमारे भीतर हो।यही धारणा और समर्पित जीवन का लक्ष्य लिए देश सेवा करते हुये आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण हो चुके है।स्वयंसेवक संघ में संवेदनशीलता, दया, करुणा, परदु:खकातरता सुषुप्त नही हुई है इनका मुख्य लक्ष्य व्यक्तिवाद और स्वार्थ साधना नही होकर केवल देश सेवा की रही है। रास्ट्रीय, सामाजिक, नैतिक अस्मिता की रक्षा के लिए शाश्वत जीवन मूल्यों के अभिरक्षक के प्रयास सतत कर रहे है।क्योंकि ये जानते है कि अनुसाशनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है।स्वयंसेवक सेदेश ,परिवार,समाज को कई अपेक्षाएं है। मोहन भागवत मनोयोग से अध्ययन करने की सिख देते है।विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बढ़ना चाहिए।संघ का दर्द उस समय झलका था।जब रोहित वेमुला प्रकरण,जेएनयू में कन्हैया प्रकरण,पश्चिमी बंगाल में जाधवपुर विवि की घटना और बिहार चुनाव से ठीक पहले असहिष्णुता के खिलाफ बुद्धिजीवियों की अवार्ड वापसी के झटकों ने भगवा ब्रिगेड को हिला दिया था। इनका यह भी मानना है कि मोदी के आने के बाद वामपंथियों को कमजोर कड़ी के तौर पर चुना,जहा उनका वर्चस्व है और एनजीओ वाले इनके साथ खड़े दिखते है।उसके बाद ही चुनिंदा रणनीतिकारों ने बौद्धिक आंदोलन का खाका तैयार किया।*

## खास बात

### कानून और नियम सरकार पर लागू नहीं

मध्य प्रदेश में दो दर्जन से ज्यादा बच्चों की जहरीले कफ सिरप पीने से मौत हो गई। इस सिरप को नशा करने वाले भी खरीद कर पीते हैं। सरकार को सब कुछ पता होता है। उसके बाद सरकार नियम कानून बनाती है।जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। कानून और नियम से जो शुक्राना जबराना मिलना होता है। वह सरकार के अधिकारियों और नेताओं को मिल जाता है। जिस कफ सिरप पर 90 साल पहले अमेरिका में रोक लगा दी गई थी। 2006 में सरकार ने जाँच का कानून बनाया था। सरकार ने मानक तय कर दिए थे। जगह-जगह मानक के अनुसार दवाई बनाई जा रही है,या नहीं, इसके लिए लैब तैयार की गई थी। लैब के पद खाली पड़े हुए हैं। जो मोबाइल बैन खरीदी गई थी।वह सड़ रही हैं।जब बच्चों की मृत्यु हुई, उसके बाद डॉक्टर ओर दवा निर्माता को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनको जांच का जिम्मा दिया गया था। उनको बचा लिया गया। सरकार ऐसे ही चलती है। जिनको मरना होता है,वह मर जाते हैं। मरना उनके भाग्य में लिखा होता है। सरकार इसमें कर भी क्या सकती है।

### नहीं मिला ट्रंप को नोबेल पुरस्कार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पूरी ताकत नोबेल पुरस्कार पाने के लिए लगा दी।भाग्य ने साथ नहीं दिया। नोबेल पुरस्कार किसी अन्य को मिल गया। इस पर ट्रम्प भड़के हुए हैं। उन्होंने अपनी पूरी ताकत रूस-यूक्रेन इजराइल और गाजा के युद्ध को रोकने में लगा दी। इसके बाद भी उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई। इसके लिए उन्होंने दुनिया के कई देशों से बुराई ले ली थी।ऐसे में वह कैसे शांत रह सकते हैं,इसकी चर्चा होने लगी है।

### मायावती ने की योगी और भाजपा की तारीफ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने जिस तरह से लखनऊ में बसपा समर्थकों की रैली बुलाई। बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। बहन जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की जमकर तारीफ की।सपा और कांग्रेस के ऊपर वह जमकर भड़की। इसके बाद कहा जा रहा है, अगला विधानसभा चुनाव बहन जी भाजपा के साथ मिलकर लड़ेंगी। दलितों की लड़ाई उन्हें बहुत लड ली। अब अपने आपको बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। उनके पास कोई दूसरा विकल्प बचा भी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के दलित मुख्य न्यायाधीश पर जूता चल गया। एक दलित आईपीएस ने आत्म हत्या कर ली। एक दलित की रायबरेली में पीट पीटकर हत्या हो गई। मायावती इसके बारे में कुछ नहीं बोली।

### हर किसी को कांग्रेस की चिंता?

भारतीय जनता पार्टी की पूरी राजनीति कांग्रेस और राहुल गांधी पर टिकी हुई है। ममता बेनर्जी भी सबसे ज्यादा कांग्रेस को कोसती हैं। अब मायावती को भी कांग्रेस की चिंता सबसे ज्यादा है। उन्होंने रैली में सबसे ज्यादा कांग्रेस और सपा को कोसा है। देश के हर राजनीतिक दल को लगता है। उसकी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धा कांग्रेस के साथ है। जिसके कारण कांग्रेस की चिंता सभी गैर कांग्रेसी राजनीतिक दल करते हैं। सभी के निशाने पर राहुल गांधी और कांग्रेस है। एक अकेला राहुल गांधी सब पर भारी पड़ रहा है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, सप्तमी, सोमवार, आद्रा नक्षत्रे, वल योगे, विव करणे, मिथुन की चंद्रमा, भद्रा 0/56 अहोई 8 उच्च व्यापार रवियोग 30/03 धान्य छेदन मुर्हूत तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, वक्ता-अधिवक्ता होगा।

**मेष राशि**- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, प्रयास जारी रखें, प्रयत्नशीलता तथा सफलता से लाभ अवश्य होगा।

**वृष राशि**- सोचे कार्य समय पर पूर्ण कर लें, कार्य तत्परता से लाभांवित होंगे, सफलता से हर्ष होगा।

**मिथुन राशि**- मनोबल उत्सावर्धक होगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य संतोष रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि**- परिश्रम से सफलता मिलेगी, सामर्थ्य के अनुसार प्रयास अवश्य करें, अवसरों का लाभ अवश्य लें।

**सिंह राशि**- कार्यवृत्ति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, कार्य समय पर पूर्ण करें।

**कन्या राशि**- परिश्रम करने पर भी सफलता दिखाई न दे, स्त्री वर्ग से तनाव व कष्ट होगा, मन में धैर्य रखकर कार्य करें।

**तुला राशि**- कुछ लोगों से मेल-मिलाप फलप्रद रहेगा, क्षमता के अनुकूल फल मिलेगा, कार्य बनेंगे ध्यान दें।

**वृश्चिक राशि**- स्वास्थ्य नरम रहेगा, चोटादि का भय, मनोबल उत्साहवर्धक रहेगा, कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें।

**धनु राशि**- कार्यकुशलता से संतोष होगा, दैनिक कार्यगति में सुधार होगा, परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि**- मनोबल उत्साहवर्धक रहेगा, मित्र-इष्ट मित्र सहयोगी होंगे, कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।


**कुंभ राशि**- कार्य व्यवसाय गति मंद रहेगी, साधन सम्पन्नता अवश्य बनेगी, विशेष अवसरों को हाथ से न जाने दें।

**मीन राशि**- विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे, मानसिक कष्ट का अनुभव होगा, कार्य बाधा बनेगी, कार्यगति पर ध्यान दें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**13 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.19 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 08.33 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.49 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.54 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.41 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.22 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कर्क | 23.36 बजे से |
| | | सिंह | 01.52 बजे से |
| | | कन्या | 04.04 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 286 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 12.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 12.27 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 08.10 बजे तदनन्तर शिव 05.55 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 12.25 बजे तदनन्तर बालव 23.43 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 47' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872496 **जूलियन दिन** 2460961.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 20 **विशेष** अहोई अष्टमी, राधा कुंड स्नान, कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# मां-बेटी का रिश्ता अनमोल फिर क्यों आ जाती हैं दूरियां?



मां बेटी का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल होता है। बेटी को मां की ही छवि माना जाता है क्योंकि वो उन्हीं से सारे गुण व आदतें सीखती हैं। साथ ही एक मां में बेटी अपना दोस्त, हमदर्द भी ढूंढ लेती हैं। वहीं, बेटी के रूप में एक मां अपना बचपन दोबारा जी लेती हैं। मगर, कई बार मां-बेटी के रिश्ते में जरा-सी नौंक-झौंक भी हो जाती है जो धीरे-धीरे उनके बीच दूरियां बढ़ा देती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।

### उम्र के पहले जिम्मेदारियों का अहसास

अक्सर मांएं अपनी बेटियों को बचपन से ही जिम्मेदारियों का अहसास करवाने लगती हैं। उन्हें बचपन से ही जताया जाता है कि उन्हें दूसरे घर जाना है इसलिए काम करो। इसके कारण बच्चियां अपना बचपन खो देती हैं और मां से दूरी भी बना लेती हैं।

### बेटी पर विश्वास न करना

अगर बेटी मां-पिता की इज्जत का ख्याल रख रही हैं तो जाहिर है वो आपसे भरोसे की उम्मीद भी रखेगी। बेटियाँ भी चाहती हैं कि घर के लोग उन पर भरोसा करें मगर, जब आप, खासकर मां और एक औरत होकर जब आप अपनी बेटी पर विश्वास नहीं करती तो उनका मनोबल टूट जाता है। इसके कारण वो आपसे कटी-कटी रहने लगती हैं। और ये एक बहुत अहम् वजह है कि बेटियाँ अपनी माँ से दूर हो जाती हैं।

### रोक-टोक करना

बेशक बेटी को सही गलत का एहसास करवाना पेरेंट्स की जिम्मेदारी है लेकिन कई आपकी चिंता इतना ओवरप्रोजेसिव हो जाती है कि लड़कियां इन्हें बाउंडेशन समझ लेती हैं। अब अगर कोई बेटियों के मन की बात ना समझ पाए तो दूरियां जायज है।



### बात-बात पर कमियां निकलना

हर छोटे-मोटे काम पर बेटियों की कमियां ना गिनवाए और ना ही दूसरों से तुलना करें। आपका यह व्यवहार उनका मन खराब कर देता है और प्यार की जगह नफरत उनके मन में घर कर लेती है। इससे मां-बेटी की बीच दूरियां भी आ जाती हैं।

### बेटी और बेटे में फर्क करना

समय भले ही बदल चुका हो लेकिन बेटी और बेटे के बीच आज भी दीवार खड़ी कर दी जाती है। इसके कारण बेटी के मन में हीनभावना जन्म ले लेती है और वो मानसिक तौर पर अलग हो जाती है।

### मन की बात ना समझना

बेटियों को रोकना टोकना हर घर की बात है। और इसी रोक टोक की वजह से कई बार बेटियाँ अपनी माँ से दूर होती जाती हैं। बेटियों की मन की बात अगर मां ही न समझ पाए तो ये दूरियां जायज है। इसलिए अत्यधिक रोक टोक पर बेटियां अपनी मां से थोड़ी दूरी बना लेती हैं। अगर आप अपनी बेटी के साथ रिश्ता मजबूत बनाना चाहते हैं तो ये गलतियां ना दोहराएं। हर बेटी को घर में वो प्यार मिलना चाहिए जिसकी वो हकदार है।

## अगर आप भी अपने बच्चे की कम हाइट से हैं परेशान तो उन्हें

# रोजाना कराएं ये आसन



**बच्चे खाने के मामले में बहुत आनाकानी करते हैं। मगर इससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास में रूकावटें आने लगती है। इसके अलावा कई बच्चों की हाइट भी कम रह जाती है। मगर असल में, हाइट यह एक उम्र के बाद बढ़ने बंद हो जाती है। ऐसे में कई पेरेंट्स इसके डर के कारण बच्चों को हाइट बढ़ाने की दवाइयां खिलाने लगते हैं। मगर इससे सेहत के खराब होने की परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप चाहे तो बच्चे की डेली रूटीन में योगासन को जोड़ सकते हैं। इसे करने में बॉडी की अच्छे से स्ट्रेचिंग होती है। ऐसे में बच्चे की नेचुरल तरीके से हाइट बढ़ने के साथ सेहत दुरुस्त रहने में भी मदद मिलेगा।**

**ताड़ासन**

1. सबसे पहले खुली जगह पर एकदम सीधे खड़े हो जाएं।
2. दोनों हाथों की उंगलियों को बीच में फंसाकर या हाथों को नमस्कार की मुद्रा में रख कर ऊपर की तरह करें।
3. धीरे-धीरे एड़ियों को उठाकर शरीर का सारा भार पंजों पर डालें।
4. इसी मुद्रा में खड़े रहकर पूरे शरीर को स्ट्रेच करें।
5. फिर गहरी सांस लें।
6. थोड़ी देर बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
7. इस आसान को 4-5 बार करें।

इससे हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी। पूरे शरीर में मजबूती आएगी।

**वृक्षासन**


1. इस आसन को करने के लिए खुली जगह पर सीधे खड़े हो जाएं।
2. दाहिने पैर को अपने बाएं पैर पर रखें।
3. दोनों हाथों को नमस्ते की मुद्रा में रखकर ऊपर ले जाएं।
4. एक पैर से बैलेंस बनाएं।
5. थोड़ी देर इसी मुद्रा में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
6. इसके बाद दूसरे पैर से इस योगासन को करें।

इससे रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होगी। पैरों व हाथों की मांपेशियों में खिंचाव होने से हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी।




**योगासन करने के अन्य लाभ**

- पूरे शरीर में खिंचाव होने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी।
- पाचन तंत्र दुरुस्त होकर पेट संबंधी समस्याएं दूर होगी।
- दिमाग शांत होने से स्मरण शक्ति बढ़ेगी।
- कमजोरी, थकान व आलस दूर होकर दिनभर तरोताजा महसूस होगा।
- शरीर में खून का संचार बेहतर होने में मदद मिलेगी।
- इम्यूनिटी बूस्ट होने से मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव रहेगा।



**कुछ साल पहले टेलीविजन मनोरंजन का एक मात्र जरिया था। लेकिन समय के साथ-साथ मनोरंजन के विकल्प बढते गए। पहले बच्चे अपना अधिकतम समय कहानी सुन कर या खेल खुल कूद में बिताया करते है। परंतु आज वे टीवी देखते हुए अन्य कंप्यूटर खेल को खेल कर बिताना पसंद करते हैं। वे अपने शरीर को बिल्कुल भी हिलाना पसंद नहीं करते। कभी-कभी वे दवा के डर से समस्या को बताते ही नहीं है। परंतु माता-पिता होने के नाते उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए साल में एक बार अपने बच्चे के पूरे शरीर की जांच कराना बहुत जरूरी है। यदि आपको लगता है कि आपके बच्चे की नजर कमजोर हो रही है। पता लगाने के लिए नीचे दिए गए लक्षणों पर ध्यान दें। यदि इन्में से कुछ लक्षण आपके बच्चे में मौजूद हैं तो तुरंत उसके आंखों की जांच कराएं।**



# बच्चों की नजर कमजोर होने के 10 लक्षणों को जानें

**आंखों को मलना**

बच्चों को नींद में अपनी आंखों को मलने की आदत होती है। लेकिन, अगर आपका बच्चा दिन भर आंखे मलता रहता है तो यह एक कमजोर नजर की निशानी हो सकती है।



**सर दर्द**


सर दर्द के कई कारण होते हैं। लेकिन अगर टीवी देखते हुए या पढाई करते हुए उसे सर दर्द हो रहा है या रोज शाम को सर दर्द की शिकायत हो। तब समझ लें कि आपके बच्चे को चिकित्सा की आवश्यकता है।

**एक आंख बंद करता**

यदि आपका बच्चा एक आंख बंद करके टीवी देखने लगे या वीडियो गेम खेलने लगे तब समझ जाएं कि उसे चश्मा लगने वाला है।

**तेज रोशनी में पलके झपकना**

क्या आपके बच्चे को उजाले से परेशानी होती है? या तेज रोशनी देखकर वह अपनी पलकों को तेजी से झपकता है? तेज रोशनी से धीमी रोशनी को ओर बढते वक्त क्या उसे धब्बे नजर आते हैं? इन सारे लक्षणों का कारण है विटामिन की कमी। अपने बच्चे के आहार में विटामिन ए की मात्रा को बढाएं और उसे रोज सुबह गाजर का जूस पिराएं।



**भेंगापन**

कई बार बच्चे मजाक में भी अपनी नजरों को तिरछा करते हैं। यदि ये मजाक ना हो कर हर दूसरे, तीसरे दिन की आदत बनती जा रही है तो आदत की वजह को पहचाने और अपने बच्चे की आंखों का इलाज कराएं।

**सर घुमाना**

बार-बार सर घुमाना भी कमजोर नजर का एक लक्षण है। यदि आपका बच्चा टीवी देखते वक्त बीच-बीच में आंखों को बंद करके सर को हिलाता रहता है, तब इस लक्षण पर ध्यान दें।

**नजदीक से देखना**

यदि आपके बच्चे को दूर से कोई चीज साफ ना नजर आए और वो उसे देखने के लिए बहुत करीब आए। तब यह सरल लक्षण, उसकी कम होती दृष्टि का संकतक है।

**आई बॉल की गति**

हालांकि, इस लक्षण को पहचानना आपके लिए थोडा सा मुश्किल हो सकता है। इस लक्षण को पहचाने के लिए बात करते वक्त आपको अपने बच्चे की आंखों को गौर से देखना होगा। यदि आई बॉल की गति में कुछ भिन्नता नजर आए तो तुरंत एक नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें।

**लाल आंखें**

नींद पूरी ना होना या नेत्रश्लेष्मला शोथ के कारण भी बच्चों की आंखे लाल हो सकती हैं। परंतु यदि ये दो कारण मौजूद ना हो तब कमजोर नजर ही इसका सही कारण होगा।

**आंखों में दर्द**

आंखों में दर्द के कारण बच्चे को आंखों में चुभन महसूस होती है तथा उसके आंखों से पानी भी आने लगता है। यदि ये लक्षण लगातार नजर आएं तो समझे की निगाहों पर चश्मा टिकाने का वक्त आ गया है।



# कहीं बिगड़ तो नहीं रहा आपका बच्चा, कुछ इस तरह से पहचाने

बच्चे का मन कोरे कागज की तरह होता है। ऐसे में वे अपने आसपास के लोगों व चीजों जल्दी समझकर उन्हें सीख लेते हैं। कई बार वे ऐसी बातें व काम भी सीख लेते हैं जो उनके बेहतर मानसिक व व्यावहारिक विकास में बांधा डालते हैं। असल में, पेरेंट्स के बिजी होने या बच्चों को अधिक छूट देने से वे बिगड़ सकते हैं। ऐसे में कई बच्चे तो लड़ाई, मारपीट, गलत भाषा इस्तेमाल करना आदि शुरू कर देते हैं। ऐसे में पेरेंट्स का फर्ज बनता है कि वे शुरूआती दौर पर ही बच्चों पर ध्यान दें। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ बातें बताते हैं, जो बच्चे के बिगड़ने की ओर इशारा करते हैं। ऐसे में आप समय रहते ही उनपर काबू पा सकते हैं।



**दूसरों को तंग करना**

छोटे बच्चे दूसरों को चिढ़ाकर खुश होते हैं। मगर बार-बार ऐसा बर्ताव करना सही नहीं होता है। ऐसे में उसकी संगत को पहचान कर उसे ऐसा करने से रोकें। उसे सही व गलत की पहचान करवाते हुए एक बेहतर इंसान बनाए।

**लड़ाई करना**

बच्चे का घर पर या पड़ोस में लड़ना भी उसके बिगड़ने की और इशारा करता है। असल में, ऐसी चीजें बच्चा घर के बड़े, दोस्तों व टीवी देखकर सीखता है। ऐसे में अपने घर का माहौल शांत व खुशनुमा रखें। साथ ही उसके द्वारा मारपीट या झगड़ा करने पर उसे प्यार से गलती का अहसास करवाएं। कई बच्चे अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिस्ऑर्डर के शिकार होने के कारण ऐसा करते हैं। ऐसे में इस बात का खास ध्यान रखें।

**गलत शब्दों व भाषा का इस्तेमाल करना**

अगर कहीं आपका बच्चा गलत शब्द या भाषा का इस्तेमाल करें तो अलर्ट हो जाएं। इसका मतलब है कि वह बुरी संगत में पड़ रहा है। इसके लिए उसके कुछ गलत कहने पर तुरंत उसे रोके। मगर उसे डांटने की जगह प्यार से समझाएं। नहीं तो बच्चा नाराज हो सकता है। साथ ही घर का माहौल सही रखें। इसके अलावा इस बात ध्यान रखें कि आपका बच्चे किस से मिलता है। उसकी संगत चैक करके उसके बिगड़ने का कारण पता करें।

**बात-बात पर जिद्द करना**

अक्सर बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर भी जिद्द करने की आदत होती है। मगर अगर कई बच्चा किसी बात पर अड़ जाएं, घंटों रोता रहे या खाना-पीना छोड़ दें तो यह उसके बिगड़ने की ओर इशारा करता है। ऐसे में मां-बाप का फर्ज है कि वे बच्चे को सही-गलत की पहचान करवाते हैं उसे सही राह पर लाएं। अगर बच्चा प्यार से ना माने तो इसके लिए सख्ती भी कर सकते हैं।

**झूठ बोलना व चोरी करना**


बच्चे का झूठ बोलना व चोरी करना भी उसके बिगड़ने की ओर संकेत करता है। ऐसे में उसका झूठ पकड़ कर प्यार से उसे समझाएं। बच्चे का मन बड़ा ही चंचल होता है। ऐसे में उसे डांटने की जगह प्यार से सही व गलत बताएं। साथ ही उससे ऐसा करने का कारण पूछे। इसके अलावा बच्चे की जरूरत का अच्छे से ध्यान रखें।





**बच्चों के बेहतर शारीरिक विकास के लिए उनकी डाइट खास होनी चाहिए। खासतौर पर उनकी मांसपेशियों व हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। इसकी कमी से उनकी हड्डियां कमजोर होने के साथ शारीरिक विकास धीमा पड़ जाता है। वैसे तो इसकी कमी को पूरा करने के लिए सूरज की रोशनी बेहद फायदेमंद होती है। यह शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने व हड्डियों में मजबूती दिलाने में मदद करता है। मगर आप डाइट में कुछ चीजों को शामिल करके भी इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। तो चलिए आज हम विटामिन-डी से भरपूर चीजों के बारे में बताते हैं। मगर उससे पहले जानते हैं इसकी कमी के लक्षण....**

# बच्चे में पहचाने विटामिन डी की कमी, जरूर खिलाएं यह आहार




**बच्चे में विटामिन डी की कमी के लक्षण**

- मांसपेशियों व हड्डियों का कमजोर होकर दर्द होना
- शारीरिक विकास धीमी गति से चलना
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ना
- इसकी कमी के कारण बच्चे को रिकरंट इन्फेक्शन यानी बार-बार सर्दी-खांसी व मौसमी बीमारियां होना
- दिनभर थकान व कमजोरी रहना

**विटामिन डी से भरपूर सुपर फूड्स**

**सोया से भरपूर चीजें**

विटामिन डी से भरपूर चीजों की लिस्ट में सोया भी शामिल होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सोया से भरपूर टोफू, दूध और सोयाबीन शामिल करें। इससे बच्चे को सही मात्रा में विटामिन डी मिलने के साथ शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलेगी।



**दूध :** इसकी कमी पूरा करने के लिए दूध पीना भी बेस्ट ऑप्शन है। असल में दूध में कैल्शियम के साथ उचित मात्रा में विटामिन डी में पाया जाता है। इसलिए रोजाना 1 गिलास दूध का सेवन करने से बच्चे में इसकी कमी पूरी की जा सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 1 गिलास दूध का सेवन करने से दिनभर की जरूरत के अनुसार 1/4 विटामिन डी की मिल सकता है।

**संतरा :** वैसे तो विटामिन-सी के लिए संतरा खाने की सलाह दी जाती है। मगर असल में, इसमें विटामिन-सी और डी सही मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन करने से विटामिन डी की सही मात्रा में मिलता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना 1 गिलास ताजे संतरे का जूस पीने से बच्चे में विटामिम डी की कमी पूरी करने में मदद मिलती है। इसके अलावा संतरे अन्य पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे की मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होने के साथ स्किन से जुड़ी परेशानियों से भी राहत रहेगी।

**मशरूम :** मशरूम खाने में टेस्टी होने के साथ विटामिन डी से भरपूर होती है। इसके सेवन से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने में मदद मिलती है। खासतौर पर बच्चे की ग्रोथ के लिए मशरूम काफी फायदेमंद मानी जाती है। ऐसे में इसे बच्चे की डेली डाइट में जरूर शामिल करें। आप इससे बच्चे को अलग-अलग डिशेज बनाकर खिला सकते हैं।

**अंडा :** अगर आप नॉन वेजीटेरियन है तो बच्चे की डाइट में अंडे शामिल करें। इसका सफेद भाग विटामिन डी से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे को इसकी कमी पूरी करने में मदद मिलेगी। साथ ही उसकी सेहत में सुधार आएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली टेस्ट : तीसरे दिन फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने 2 विकेट पर बनाए 173 रन

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। वेस्टइंडीज की टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी (फॉलोऑन) में 2 विकेट खोकर 173 रन बना लिए हैं। जॉन कैंपबेल 87 और शाई होप 66 रन बनाकर नाबाद हैं। टीम अब भी भारत से 97 रन पीछे है। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ने 270 रन की बढ़त लेने के बाद वेस्टइंडीज की टीम को फॉलोऑन खेलने दिया था। फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज की टीम को 17 के स्कोर पर पहला झटका लगा। मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल को गिल के हाथों कैच कराया। वेस्टइंडीज की टीम का 35 के स्कोर पर एलिक एथनाजे के रूप में दूसरा विकेट गिरा। चंद्रपॉल ने 10 रन और एथनाजे ने सात रन बनाए। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद कैंपबेल और होप ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 138 रन की नाबाद साझेदारी कर स्कोर 2 विकेट पर 173 रन पहुंचा दिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कैंपबेल 145 गेंदों में 87 और होप 103 गेंदों का सामना करते हुए 66 रन बनाकर नाबाद हैं। मेहमान टीम अब भी भारत से पहली पारी के आधार पर 97 रन पीछे है।

### सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 में अपने दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर जीत दर्ज की। मलेशिया के जोहर बाहरू में खेली जा रही प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह (2वें मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अराइजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और रोमन कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए। न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल किए। पहले मैच में ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के बाद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ ठोस शुरुआत के साथ अपनी गति को बनाए रखा। भारतीय जूनियर टीम के लिए पहला गोल पहले क्वार्टर के दूसरे मिनट में ही आ गया, जब अर्शदीप सिंह ने न्यूजीलैंड के डिफेंस के भेदते हुए गोल दागा। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। पीबी सुनील ने 15वें मिनट में एक बेहतरीन गोल किया। 2-0 की बढ़त के साथ भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी आक्रामक खेल दिखाया। अराइजीत ने 26वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी।

### नीलम करवरिया कप : रवि सिंह की आतिशी बल्लेबाजी, करछना बाहर

# सोरांव सेमीफाइनल में पहुंचे फाफामऊ को भी मिली जीत

**प्रयागराज ■ एजेंसी**

सोरांव विधानसभा ने कोरांव को दस विकेट से हराकर प्रथम नीलम करवरिया कप स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ग्रुप डी से दोनों मैच जीतकर अंतिम चार में पहुंचने वाली सोरांव पहली टीम बनी।

ग्रुप ए के मुकाबले में फाफामऊ ने करछना को सात विकेट से हराया। लगातार दूसरी हार के साथ ही करछना की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अब इस ग्रुप से इलाहाबाद दक्षिण और फाफामऊ के बीच मैच की विजेता टीम सेमीफाइनल में पहुंच जायेगी।



सोरांव की जीत में अतिथि बल्लेबाज के रूप में खेलने आए वाराणसी निवासी उत्तर प्रदेश के पूर्व एवं अब रेलवे के खिलाड़ी रवि सिंह ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद पर नौ चौके एवं पांच छक्के की मदद से नाबाद 77 रन की पारी खेली। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में कोरांव विधानसभा ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 116 रन (शिवांश पांडेय 42, विभव कुशवाहा 28, सौरभ सिंह 22, बादल कुमार 2-18, सलमान 2-29, रितेश पटेल 1-18, कुलदीप शर्मा 1-26) बनाए। जवाब में सोरांव विधानसभा ने 9 ओवर में बिना विकेट खोए 117 रन (रवि सिंह 77 नाबाद, सलमान 31 नाबाद) बना लिए। रवि सिंह को शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर गिरधारी मिश्र ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

इससे पूर्व सुबह खेले गए मैच में करछना विधानसभा ने टॉस हारकर 19.5 ओवर में 117 रन (वर्तुल शुक्ला 31, शिवम यादव 22, अब्दुल कलाम 12, नितिन यादव 3-15, गुलशन वर्मा 2-15, गौरव पाठक 2-23, आदित्य मौर्य 2-24) बनाए। जवाब में फाफामऊ विधानसभा ने 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन (सौरभ प्रताप सिंह 44, गौरव पाठक 29, शिवम सिंह यादव 17, गुलशन वर्मा 15 नाबाद, सुमित अग्रवाल 1-07, करण यादव 1-18, कुलदीप मिश्र 1-19) बना लिए।

गौरव पाठक को पूर्व रणजी क्रिकेटर रजा अली ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। पहले मैच में ताहिर अब्बास व राहुल सिंह एवं दूसरे मैच में हितेश श्रीवास्तव एवं राहुल सिंह ने अंपायरिंग की। दोनों मैच में खुर्शीद अहमद राईन और आशीष भारतीय ने स्कोरिंग की। मोहम्मद आरिफ ने दोनों मैच में तीसरे अंपायर की भूमिका निभाई। केबी काला और जाहिद अली मैच रेफरी का दायित्व निभाया जबकि कमेंट्री अनवर सिद्दीकी एवं कमलेश पटेल ने की। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने बताया कि सोमवार को पहला मुकाबला इलाहाबाद उत्तर और मेजा विधानसभा के बीच सुबह आठ बजे और दूसरा मुकाबला इलाहाबाद पश्चिम एवं प्रतापपुर विधानसभा के बीच दोपहर 12 बजे से खेला जायेगा।

# राष्ट्र के लिए चिकित्सकों का योगदान अद्वितीय : मांडविया



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को नई दिल्ली में नागरिकों के बीच फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी पहल %संडे ऑन साइकिल% के 44वें संस्करण का नेतृत्व किया। इस सप्ताह के विशेष सहयोगी डॉक्टर और स्वास्थ्य पेशेवर थे, जिन्होंने मोटापे जैसी बीमारियों से निपटने में निवारक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका और शारीरिक गतिविधि के महत्व पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में सभी उम्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पदक विजेता प्रवीण कुमार, सोमन राणा और शैलेश कुमार भी शामिल हुए, जिन्होंने लोगों को एक सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्र के प्रति चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि कोविड के दौरान स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मैंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के समर्पण को करीब से देखा है। राष्ट्र के लिए उनका योगदान अद्वितीय है और मैं संडे ऑन साइकिल के जरिये फिटनेस का संदेश फैलाने के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मैं आपसे नागरिकों को एक स्वस्थ जीवन की ओर मार्गदर्शन करने का भी आग्रह करता हूं, क्योंकि जब कोई डॉक्टर स्वास्थ्य से संबंधित कुछ कहता है, तो लोग उसका पालन करते हैं।

खेल मंत्री मांडविया ने आगे कहा कि आज, %संडे ऑन साइकिल% पूरे भारत में 10 हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित किया गया, जहां डॉक्टर मोटापे से लड़ने के लिए इस पहल में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग एक मजबूत राष्ट्र की नींव हैं। साइकिल चलाना व्यायाम का सबसे आसान रूप है और कोई भी इसे अपना सकता है।

# जम्मू कश्मीर देहाती सेवा संस्था की तरफ से करवाई जा रही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन




**आरएस पुरा ■ एजेंसी**

ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से माई भारत मेरा युवा भारत जम्मू (भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफ़ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स) की तरफ से जम्मू कश्मीर देहाती सेवा संस्था जिंदडमेलू के सहयोग के साथ गांव वाला चक में करवाई जा रही दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का रविवार को फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हो गया।

बताते चलें कि इस खेल प्रतियोगिता में ब्लॉक आरएस पुरा, ब्लॉक सतवारी तथा ब्लॉक मीरा साहब के युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे। इस खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टग ऑफ बार, दौड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। अंतिम दिन वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला गांव जिंदडमेलू तथा रठाना वॉलीबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें रठाना वॉलीबॉल क्लब की टीम ने जीत हासिल की। इसके अलावा अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी बेहतर स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रिटायर्ड मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी गिरधारी लाल डोगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष रिंकू चौधरी, मंडल अध्यक्ष देवी दिता नीटा, चंद्र भूषण, नथाराम, मनजीत सिंह के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने विजेता रहे खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया और युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशा जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों की तरफ आगे आएं। इस मौके पर जम्मू कश्मीर देहाती सेवा संस्था के प्रधान गारा राम मोटन ने कहा कि मेरा युवा भारत जम्मू की तरफ से इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तीन ब्लाक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि आज अंतिम दिन खेले गए सभी फाइनल मुकाबले के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है और आने वाले दिनों में अन्य ब्लॉक में भी इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में आईएचएफ आइटम निर्यात मेला आज से, एक हजार कारोबारी लेंगे हिस्सा

**मुरादाबाद।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आईएचएफ आइटम निर्यात मेला 13 अक्टूबर से शुरू होगा। इस मेले में मुरादाबाद के लगभग एक हजार कारोबारी प्रतिभाग करेंगे। वहीं इस निर्यात मेले में 120 देशों से ग्राहकों के आने की उम्मीद है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष मुरादाबाद निवासी डॉ नीरज विनोद खन्ना ने रविवार को उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टैरिफ के बाद उपजी विषम परिस्थितियों के बीच आयोजित हो रहा आईएचएफ आइटम निर्यात मिला बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। ईपीसीएच ने इस मेले के प्रचार प्रसार के लिए खूब जोर आजमाइश की। चीन और लंदन में रोड शो तक किए गए। अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच दूसरे देशों के ग्राहकों से सीधा संपर्क साधा गया। उन्होंने बताया कि इस निर्यात मेले में आस्ट्रेलिया, जर्मनी, सऊदी अरब समेत विभिन्न देशों के ग्राहक जुटेंगे। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव व ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि आईएचएफ आइटम निर्यात मेल को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस मेले में मुरादाबाद के कारोबारियों को बहुत उम्मीदें हैं, उम्मीद है जो पूरी होंगी। यह मेला आने वाले महीना में काम की दिशा तय करेगा। निर्यातकों की उम्मीदें सकारात्मक है और इस बार भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

### इंडिगो पर 40 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने इंदिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कलिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई। डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था। इंदिगो ने 22 अगस्त को इसका जवाब दिया लेकिन इसे संतोषजनक नहीं पाया गया, इसलिए पेनल्टी लगाई गई।

### दिवाली पर 21-22 अक्टूबर को बंद रहेगा स्टॉक मार्केट

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी दिवाली, लक्ष्मी पूजन और दिवाली बलि प्रतिप्रदा के अवसर पर घरेलू शेयर बाजार में 2 दिन की छुट्टी रहेगी। इस छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर ट्रेडिंग नहीं होगी। 21 अक्टूबर को शेयर बाजार में दिवाली, लक्ष्मी पूजन की छुट्टी रहेगी, जबकि 22 अक्टूबर को दिवाली बलि प्रतिपदा की छुट्टी रहेगी। हालांकि दिवाली के दिन यानी 21 अक्टूबर को मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए कुछ देर के लिए शेयर बाजार ओपन होगा। मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए 21 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक 1 घंटे के लिए खुलेगा।

# शेयर समीक्षा : पॉजिटिव संकेतों से शेयर बाजार में पूरे सप्ताह बनी रही मजबूती

**लगातार दूसरे सप्ताह मजबूती के साथ बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार**

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



शुक्रवार यानी 10 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे सप्ताह मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुआ। इस सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,293.65 अंक यानी 1.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,500.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने साप्ताहिक आधार पर 391.10 अंक यानी 1.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,285.35 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया।

माना जा रहा है कि मजबूत वैश्विक संकेतों, घरेलू बाजार में घरेलू संस्थागत निवेशकों के साथ ही विदेशी निवेशकों की खरीदारी, जियो-पॉलिटिकल टेंशन में कमी आने के संकेत और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर जारी वार्ता में सकारात्मक प्रगति होने के कारण घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान ज्यादातर समय मजबूती के साथ कारोबार करता रहा।

सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट, डिवीज लेबोरेटरीज, पॉलिकैब इंडिया, एटरनल, एलटी माइंड ट्री, एचसीएल टेक्नोलॉजी, स्विगी, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, वारी एनर्जीज, जिंदल स्टील, सीमेंस एनर्जी इंडिया और ह्युंडई मोटर इंडिया के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।


लार्ज कैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 1.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल आदित्य बिरला कैपिटल, सन टीवी नेटवर्क, नेशनल अल्युमिनियम कंपनी, एलएंडटी फाइनेंस, एजीज वोपैक टर्मिनल्स, बैंक ऑफ इंडिया और फोर्टीस हेल्थ केयर के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर डिक्सन टेक्नोलॉजीज, वर्लपूल ऑफ इंडिया, केपीआईटी टेक्नोलॉजी और हिताची एनर्जी इंडिया के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

लार्ज कैप और मिडकैप इंडेक्स के विपरीत बीएसई का स्मॉल कैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान सपाट स्तर पर बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल जिंदल फोटो, इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉरपोरेशन, स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स, इंडो थाई सिक्योरिटीज, इंफीबीम एवेन्यूज, स्पाइसजेट, साउथ इंडियन बैंक, जीएम ब्रेवरीज, स्टाइलम इंडस्ट्रीज, सैल्जर इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रीमफोक्स सर्विसेज, इंडेफ मैन्युफैक्चरिंग और एवलॉन टेक्नोलॉजीज के शेयर साप्ताहिक आधार पर 15 से 41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर हेमिस्फेयर प्रॉपर्टीज इंडिया, लूमैक्स ऑटो टेक्नोलॉजीज, शंकर बिल्डिंग प्रोडक्ट्स, पोशाक, जॉन कॉकरेल इंडिया, वीटीएम और प्रवेग के शेयर साप्ताहिक आधार पर 10 से 22 प्रतिशत तक टूट गए।

पिछले सप्ताह के कारोबार में मीडिया सेक्टर के अलावा स्टॉक मार्केट के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी का कैपिटल मार्केट इंडेक्स और आईटी इंडेक्स आउट परफॉर्म करते हुए साप्ताहिक आधार पर 5 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। इसी तरह निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स और मेटल इंडेक्स 4 प्रतिशत, हेल्थकेयर इंडेक्स 3 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक इंडेक्स 2.5 प्रतिशत, रियल्टी इंडेक्स और डिफेंस इंडेक्स 2.3 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स 2 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद हुए। वहीं निफ्टी का मीडिया इंडेक्स करीब 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संसाधन निवेशकों (डीआईआई) के कारोबार की बात करें, तो पिछले सप्ताह के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध खरीदार की भूमिका में नजर आए। लगातार 12 सप्ताह तक बिकवाली करने के बाद पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 2,975.53 करोड़ रुपये की खरीदारी करके शुद्ध लिवाल के रूप में अपने साप्ताहिक कारोबार का अंत किया।

### घरेलू सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी से नए शिखर पर पहुंचे सोना और चांदी



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला आज भी बरकरार रहा। दोनों चमकीली धातुएं आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर पहुंची हुई हैं। आज के कारोबार में सोना 1,110 रुपये से लेकर 1,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत 5,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल कर नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,080 रुपये से लेकर 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,650 रुपये से लेकर 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान जबरदस्त तेजी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 5,680 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की उछाल दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 5,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सोने की तरह ही पूरे सप्ताह के कारोबार में के बीच चांदी के भाव में साप्ताहिक आधार पर 25,000 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त मजबूती आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,230 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सितंबर में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी की बिक्री में वृद्धि, हुंदै और टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सितंबर 2025 में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपनी खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की है। टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 फीसदी हो गई, जबकि पिछले साल यह 11.52 फीसदी थी। कंपनी ने इस महीने 32,586 वाहनों की बिक्री की। वहीं, मारुति सुजुकी ने 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 फीसदी तक बढ़ गई। पिछले साल सितंबर में मारुति की बिक्री 1,15,530 वाहन थी। दूसरी ओर, हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री और बाजार हिस्सेदारी दोनों में कमी आई है। इस साल सितंबर में हुंदै की बिक्री 35,812 रही, जबकि पिछले साल 38,833 वाहन बेचे गए थे। बाजार हिस्सेदारी 13.72 फीसदी से घटकर 11.96 फीसदी हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की भी बाजार हिस्सेदारी गिरकर 6.78 फीसदी रह गई, जबकि पिछले साल यह 7.35 फीसदी थी। कंपनी की बिक्री में मामूली गिरावट देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 वाहनों की बिक्री की, हालांकि उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग स्थिर रही। किआ इंडिया की बिक्री में मामूली वृद्धि हुई लेकिन बाजार हिस्सेदारी घटकर 6.78 फीसदी रह गई। दोपहिया क्षेत्र में हीरो मोटोकॉर्प ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 25.10 फीसदी कर ली, जबकि होंडा मोटरसाइकिल की हिस्सेदारी घटकर 25.05 फीसदी रह गई। टीवीएस मोटर कंपनी की हिस्सेदारी भी बढ़ी। कुल मिलाकर, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 6 फीसदी और दोपहिया वाहन बिक्री 6.5 फीसदी बढ़ी है।



## भारत तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बना

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार भारत अब 125 गीगावाट (जीडब्ल्यू) स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने जापान (96 जीडब्ल्यू) को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2025 के अंत तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 192 जीडब्ल्यू तक पहुंच गई है। इसमें सौर, पवन, बायोमास और जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक यह क्षमता 500 जीडब्ल्यू तक पहुंच जाए।

2025 में भारत ने केवल अप्रैल से सितंबर के बीच 25 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। इसमें 21.7 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा और 3.09 जीडब्ल्यू पवन ऊर्जा शामिल है। जुलाई 2025 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119.02 जीडब्ल्यू थी, जिसमें से 90.99 जीडब्ल्यू जमीन आधारित सौर संयंत्रों और 19.88 जीडब्ल्यू रूफटॉप सिस्टम से आई है। वहीं तापीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई है। अब देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 485 जीडब्ल्यू है, जिसमें तापीय (कोयला व गैस) बिजली सिर्फ 49.9 फीसदी रह गई है। 2015 में यह आंकड़ा 70 फीसदी था। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जो भारत के हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है। इंटरनेशनल थिंक टैंक एम्बर के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन में 17 टेरावाट-घंटे की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। यह परिवर्तन भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के टैरिफ पर भड़के चीन ने चेताया कहा - दोहरे चरित्र वाले अमेरिका से लड़ने को तैयार

**बीजिंग।** टैरिफ को लेकर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने साफ शब्दों में कह दिया है कि अमेरिका दोहरा चरित्र रखता है और ऐसे देश पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में हम अमेरिकी टैरिफ वॉर से लड़ने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि 1 नवंबर से सभी चीनी सामानों पर 100 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इससे अमेरिकी बाजार में चीनी उत्पादों पर कुल टैक्स दर लगभग 130प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो पिछले कई दशकों में सबसे ऊंची है। चीन ने इस कदम को अनुचित और दोहरे मापदंड वाला बताया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'हाई टैरिफ की धमकी देना चीन से संबंध सुधारने का सही तरीका नहीं है। हमारी स्थिति साफ है। हम व्यापार युद्ध नहीं चाहते, लेकिन उससे डरते भी नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन पर अत्यधिक आक्रामक और शत्रुतापूर्ण व्यापार नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चीन ने हाल ही में रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश की है। इसके जवाब में ट्रंप प्रशासन ने महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी पर एक्सपोर्ट कंट्रोल लागू कर दिया है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, 'यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की रक्षा के लिए आवश्यक है। चीन ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने 100 परसेंट टैरिफ लागू किया तो वैश्विक व्यापार व्यवस्था चरमरा जाएगी।

### भारत-अफगानिस्तान संयुक्त बयान से बौखलाया पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** भारत और अफगानिस्तान द्वारा जारी संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर का उल्लेख पाकिस्तान को नागवार गुजरा। शनिवार को पाकिस्तान ने अफगान राजदूत को तलब कर इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में जारी यह बयान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है। दरअसल, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत यात्रा पर हैं। गुरुवार को नई दिल्ली में भारत और अफगानिस्तान के बीच हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की गई थी। अफगानिस्तान ने न केवल इस हमले को आतंक की नापाक हरकत बताया बल्कि भारत की जनता और सरकार के प्रति संवेदना और एकजुटता भी जताई। संयुक्त बयान में यह भी कहा गया कि दोनों देशों ने क्षेत्रीय आतंकवाद की हर रूप में निंदा की और शांति, स्थिरता तथा आपसी विश्वास को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### हमास के बंधकों की रहाई का मामला, नई सूची में नेपाल के विपिन जोशी का नाम भी शामिल

**काठमांडू।** हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष विराम समझौते के प्रारंभिक चरण के हिस्से के रूप में सोमवार को अपेक्षित रिहाई से पहले जीवित बंधकों की सूची में नेपाली नागरिक विपिन जोशी का भी नाम शामिल है। टाइम्स ऑफ इज़राइल और वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि विपिन उन लोगों में से हैं जिनके जीवित होने की पुष्टि हुई है। इससे पहले जारी सूची में विपिन जोशी की स्थिति को अज्ञात के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। लेकिन हमास के नेताओं के हवाले से द वाशिंगटन पोस्ट, द टाइम्स ऑफ इज़राइल और एसोसिएटेड प्रेस द्वारा प्रकाशित नई सूची में उसके जीवित होने की पुष्टि की है। वर्तमान में जीवित माने जाने वाले सभी बंधक पुरुष हैं, जिनमें से अधिकांश 20 और 30 साल के बताए गए हैं। संघर्ष विराम के पिछले चरण में 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की रिहाई देखी गई। नेपाली छात्र विपिन जोशी का दक्षिणी इज़राइल के एलुमिम किबुत्ज़ में एक क्षेत्र में काम करते समय अपहरण कर लिया गया था। उनके परिवार ने गाजा में इजरायली बलों द्वारा हाल ही में बरामद वीडियो प्राप्त करने की पुष्टि की है, जिसमें दिखाया गया है कि वह जीवित है।

### कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और सिंगर केटी पेरी का किसिंग सीन वायरल

ओटावा। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन दिनों रोमांस फरमाते नजर आ रहे हैं। उन्हें जब जहां मौका मिलता है वे देश दुनिया से बेखबर होकर आलिंगन में व्यस्त हो जाते हैं कि उन्हे ये भी पता नहीं चलता कि उनके आसपास क्या हो रहा है। चर्चा उस वीडियो से शुरु हुई जिसमें जो ट्रूडो और मशहूर सिंगर केटी पेरी एक दूसरे को किस करते नजर आ रहे हैं। ट्रूडो अपने देश से बाहर एक यॉट में ग्लोबल सिंगर केटी पेरी के साथ 'पर्सनल एंड क्वालटी' टाइम एंजॉय करते हुए देखा गया। इसी दौरान किसी ने उनकी तस्वीरें ले लीं और अब ये दुनियाभर में छाई हुई हैं। पहले भी कनाडा के मोंट्रियल में वे जुलाई में डिनर करते हुए देखे गए थे और तब से ही ये रिश्ता हेडलाइंस में आ गया था।

उन 20 बंधकों की कहानी जिन्हें छोड़ रहा हमास

# कैद में किसी की गई आंख, कोई अस्थमा का शिकार!

नई दिल्ली ■ एजेंसी



हमास ने आज रिहा किए जाने वाले 20 इजराइली बंधकों के नामों की लिस्ट जारी की है जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे अभी जिंदा है. हमास की तरफ से जारी लिस्ट इजरायल की तरफ से जारी लिस्ट के जैसा ही है. हमास ने कहा है कि अल-अक्सा कैदी अदला-बदली समझौते के तहत अल-कसम ब्रिगेड ने जिंदा जायोनी बंदियों को रिहा करने का फैसला किया है।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी उम्र 28 साल है और हमास ने इजरायल पर 7 अक्तूबर 2023 के हमले के दौरान इन्हें बंधक बनाया था. उनके भाई एतान ने बताया कि एरियल ने आखिरी बार उनसे कहा था- ऐसा लग रहा है जैसे मैं किसी हॉरर मूवी में हूं. हमास के हमले में एरियल की पार्टनर भी बंधक बनाई गई थीं जिन्हें जनवरी 2025 में दो महीने के संघर्ष विराम समझौते के दौरान रिहा किया गया था।

इनकी उम्र 35 साल बताई जा रही है. एरियल के बड़े भाई, उनकी पत्नी शेरोन और उनकी 3 साल की जुड़वां बेटियां एमा और युली को भी 7 अक्टूबर को निर ओज म्यूजिक फेस्टिवल पर किए हमले में बंधक बनाया गया था. नवंबर 2023 में एक सप्ताह के संघर्ष विराम के दौरान डेविड को छोड़ परिवार के बाकी सभी सदस्य रिहा हो गए थे. डेविड के परिवार को पता नहीं था कि वो जिंदा हैं भी या नहीं लेकिन फरवरी 2025 में अन्य रिहा हुए बंधकों ने परिवार को उनके जिंदा होने की खबर दी थी। उम्र 22 वर्ष 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इजरायली सेना के टैंक में तैनात थे. एक वीडियो में दिखा कि भीड़ उन्हें घायल और बेहोश अवस्था में टैंक से बाहर खींच रही है. उन्हें बंधक बना लिया गया था और परिवार को पता चला था कि वो अस्थमा, जलन और संक्रमण से जूझ रहे हैं। उम्र 25 वर्ष अपनी पार्टनर इलाना ग्रिट्ज़वस्की के साथ निर ओज से अगवा हुए. इलाना नवंबर 2023 में रिहा हुई. दिसंबर 2024 में हमास ने एक वीडियो जारी किया जिसमें माटन ने गाजा में भोजन, पानी और दवाइयों की भारी कमी की बात कही।

उम्र 38 वर्ष (इजरायली-अर्जेंटीनी नागरिक) अपने भाई यायर के साथ निर ओज से अगवा हुए थे. यायर फरवरी 2025 में रिहा हुए. रिहाई से पहले हमास ने वीडियो जारी किया था जिसमें दोनों भाइयों को गले लगते और रोते दिखाया गया था. आखिरकार एतान भी अपने भाई की तरह अब रिहा हो रहे हैं। उम्र 21 वष. 7 अक्टूबर में टैंक पर हमले के दौरान निमरोद को अगवा किया गया. फरवरी 2025 में रिहा बंधकों ने बताया कि वो जिंदा हैं लेकिन उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति बहुत खराब है।

उम्र 48 वष. इन्हें उनके नाहल ओज स्थित घर से अगवा किया गया था. उनकी पत्नी लिशेय बताती हैं कि उन्हें उनकी ही कार में अगवा करके ले जाया गया था. अप्रैल 2025 में हमास ने उनका जन्मदिन मनाते हुए एक वीडियो जारी किया था. उनकी पत्नी लिशाय ने कहा-मैं हमेशा से एक बात जानती हूं कि ओमरी एक सर्वाइवर है।

उम्र 24 वर्ष (इजरायली-जर्मन-सर्बियाई नागरिक). हमास ने इन्हें भी नोवा फेस्टिवल से अगवा किया था. अगस्त 2025 के वीडियो में वो गाई के साथ दिखाई दिए. बताया गया कि उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है। उम्र 25 वर्ष योसेफ के एक दोस्त ने बताया कि वो म्यूजिक फेस्टिवल में हमास के हमले में घायल लोगों की मदद कर रहे थे।

## भारत-कनाडा के साथ व्यापारिक संबंध में दिखेगा बदलाव

नई दिल्ली ■ एजेंसी



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद रविवार को भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचीं। अनीता आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्तों में बेहतरी होने की उम्मीद की जा रही है। खासकर व्यापार के क्षेत्र में दोनों देश सहयोग बढ़ा सकते हैं। अनीता आनंद के भारत दौरे को लेकर कनाडा के राजनीतिक विशेषज्ञ क्लाइड निकोल्स का कहना है कि जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में हमने जो देखा है, उससे यह थोड़ा अलग होगा। ट्रूडो सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि हर देश के साथ व्यापारिक संबंधों के मामले में विचारधारा को प्राथमिकता देते थे। उनका नजरिया थोड़ा अलग था और मार्क कार्नी के कार्यकाल में, हम थोड़ा बदलाव देखेंगे

क्लाइड निकोल्स ने न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि जहां तक अमेरिका और कनाडा के साथ व्यापार की बात है, तो मार्क कार्नी ने हाल ही में डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की है। दोनों की मुलाकात काफी दोस्ताना रही। मुझे उम्मीद है कि भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अमेरिका के साथ बेहतर संबंध बनाने के लिए कनाडा कुछ चीजों पर सख्ती बरत रहा है। हमने हाल ही में देखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एंटीफा पर कड़ी कार्रवाई की और उसे एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। मैं इसे सकारात्मक रूप से देखता हूं। अगर कनाडा भी ऐसा ही करता है, तो हम दुनिया भर में हो रही सभी तरह की आतंकवादी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई देखेंगे। अनीता आनंद के भारत दौरे पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग, व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। मई में विदेश मंत्री बनने के बाद अनीता आनंद का यह पहला भारत दौरा है। भारत में वे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। भारत दौरा पूरा करके अनीता आनंद सिंगापुर और चीन का भी दौरा करेंगी। अनीता आनंद के भारत दौरे से कुछ हफ्ते पहले ही कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नताली ड्रुइन ने भी भारत का दौरा किया था। इससे पहले जून में हुए जी7 सम्मेलन में पीएम मोदी की कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात हुई थी।

## बंधकों की रिहाई से पहले नेतन्याहू का सख्त संदेश अभियान अभी खत्म नहीं हुआ

नई दिल्ली ■ एजेंसी



इजरायल और हमास के बीच बंधकों और कैदियों की अदला-बदली होगी। इजरायली समयानुसार बंधकों की रिहाई सुबह 8 बजे से शुरू हुई। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश का सैन्य अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीएम नेतन्याहू ने टेलीविजन पर दिए गए अपने संबोधन में शेष 20 बंधकों की नियोजित रिहाई को एक ऐतिहासिक घटना बताया। उन्होंने कहा, हमने जहां भी लड़ाई लड़ी, हम जीते। लेकिन अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने इजरायल की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी, हमारे कुछ दुश्मन फिर से संगठित होने की कोशिश कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इजरायल के सामने अभी भी बहुत बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं।इससे पहले, इजरायल के सैन्य प्रमुख इयाल जमीर ने कहा कि देश ने हमास पर जीत हासिल कर ली है। यह जीत निरंतर सैन्य दबाव और कूटनीतिक प्रयासों के संयोजन से मिली है। सैन्य प्रमुख जमीर ने आगे कहा कि इजरायल एक साथ कई-मोर्चे वाले युद्ध के बीच बना हुआ है। सेना एक ऐसी सुरक्षा वास्तविकता को आकार देने के लिए कार्रवाई जारी रखेगी जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि गाजा पट्टी अब इजरायल और उसके नागरिकों के लिए खतरा न बने। अपने अभियानों के माध्यम से, हम आने वाले वर्षों के लिए मध्य पूर्व और अपनी सुरक्षा रणनीति को नया रूप दे रहे हैं। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पीस प्लान के अनुसार इजरायल-हमास युद्धविराम शुक्रवार को लागू हो गया। वहीं दूसरी ओर मिस्र में सोमवार को गाजा शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति फतह अल-सीसी करेंगे। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप महज चार घंटे के लिए इजरायल के दौरे पर भी पहुंचे हैं।

## भुवनेश्वर बनेगा पूर्वी भारत का मत्स्य हब, पीएम मोदी ने किया आधुनिक मछली बाजार का शिलान्यास

नई दिल्ली ■ एजेंसी



ओडिशा की मत्स्य संपदा को नई दिशा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भुवनेश्वर के पंदारा में पूर्वी भारत के सबसे बड़े अत्याधुनिक मछली बाजार की आधारशिला वर्चुअल माध्यम से रखी। लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह बाजार न केवल व्यापारियों और उपभोक्ताओं की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान करेगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा का संचार करेगा।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (क्करूरूस्ङ्घ) के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये के आवंटन से शुरू की जा रही है, जबकि कुल लागत 60 से 80 करोड़ रुपये तक आंकी गई है। बाजार का निर्माण भुवनेश्वर नगर निगम के सहयोग से किया जाएगा और 2027 तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। ओडीशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने इस उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम में कहा कि च्ये केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक ऐसा केंद्र बनेगा जो मछली व्यापारियों, उपभोक्ताओं, मत्स्य किसानों और खुदरा विक्रेताओं, सभी के लिए लाभकारी होगा। यह पहल हमारे मछुआरों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान दोनों लाएगी।

भुवनेश्वर का वर्तमान नंबर-4 थोक मछली बाजार वर्षों से अव्यवस्थित और सीमित सुविधाओं के कारण व्यापारियों के लिए चुनौती बना हुआ था। साफ-सफाई, कोल्ड स्टोरेज, और ऊर्जा व्यवस्था की कमी से व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। नया बाजार इन सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगा, जिसमें एकीकृत थोक एवं खुदरा बाजार, सौर ऊर्जा संयंत्र, शीतगृह, और व्यापारियों के लिए समर्पित कार्यालय शामिल होंगे।

इस परियोजना के तहत 143 दुकानें स्थापित की जाएंगी और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 2,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय मत्स्य उत्पादन को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे राज्य की अन्य राज्यों पर निर्भरता कम होगी।

मुख्यमंत्री मांझी ने बताया कि राज्य में बायो-फ्लॉक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि घरेलू स्तर पर मत्स्य पालन को सशक्त बनाया जा सके। यह प्रयास स्थानीय उत्पादन से स्थानीय आवश्यकता की पूर्ति के मंत्र को साकार करेगा।

## सीट बंटवारे पर कुशवाहा ने शायराना अंदाज में जताई नाराजगी, कहा- आज बादलों ने फिर साजिश की है

पटना ■ एजेंसी

राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने 24 सीटें मांगी थी। लेकिन, उन्हें भी जीतन राम मांझी की पार्टी की तरह छह सीटें दी गई। इससे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। कई नेता विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। एनडीए में सीट बंटवारे के बाद उन्हें निराशा हाथ लगी। इसके बाद उपेंद्र कुशवाहा का बयान सामने आया है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट बंटवारे के बाद अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की प्रतिक्रिया सामने आई है। उनकी बातों से स्पष्ट लग रहा था कि गठबंधन में छह सीटें मिलने के बाद वह खुश नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कार्यकर्ताओं से पहले क्षमा मांगी है। इसके बाद कहा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पायी। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। इतना ही नहीं इस पोस्ट के बाद कुशवाहा ने शायराना अंदाज में एनडीए गठबंधन से अपनी नाराजगी भी जताई है। कहा कि आज बादलों ने फिर साजिश की है। जहां मेरा घर था, वहीं बारिश भी की है। कुशवाह ने सीट बंटवारे का फैसला लेने वाले को संदेश देते हुए लिखा कि अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियाना बसाने की। अब कुशवाहा के इन पंक्तियों की चर्चा सियासी गलियारे में खूब हो रही है।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सीट बंटवारे की घोषणा के बाद कई घरों में खाना नहीं बना होगा। लेकिन, आप सभी मेरी एवं पार्टी की विवशता और सीमा को बखूबी समझ रहे होंगे। किसी भी निर्णय के पीछे कुछ परिस्थितियां ऐसी होती हैं जो बाहर से दिखतीं हैं मगर कुछ ऐसी भी होती हैं जो बाहर से नहीं दिखतीं। हम जानते हैं कि अन्दर की परिस्थितियों से अनभिज्ञता के कारण आपके मन में मेरे प्रति गुस्सा भी होगा, जो स्वाभाविक भी है। आपसे विनम्र आग्रह है कि आप गुस्सा को शांत होने दीजिए, फिर आप स्वयं महसूस करेंगे कि फैसला कितना उचित है या अनुचित। फिर कुछ आने वाला समय बताएगा। फिलहाल इतना ही।

उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी ने पिछली बार एनडीए होकर एनडीए के खिलाफ 99 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे थे। नतीजतन एक भी खाता भी नहीं खुल पाया था।

### बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज होगी जारी



नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज सोमवार को जारी होगी। इसके साथ ही 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। इस चरण के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा।

नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने नामांकन केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों की मतगणना 14 नवंबर को होगी।

विधानसभा चुनाव में कुल 7.42 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दूसरे चरण में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिले में मतदान होगा।

इसके अलावा भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास जिले में भी मतदान होगा।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा

नई दिल्ली ■ एजेंसी



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए ने बिहार चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एनडीए के सीट बंटवारे की घोषणा की।

इस समझौते के तहत, भाजपा और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) छह-छह सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। इसके पश्चात् रविवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में बिहार विधानसभा के उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई गई। पार्टी ने सभी 101 नामों पर अपनी मुहर लगा दी है। ऐसे में भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आज सोमवार को जारी होने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि दो दिनों की दिल्ली में हुई मैराथन बैठक में एक-एक नाम पर चर्चा हुई। शनिवार को जेपी नड्डा की अध्यक्षता में उनके आवास पर आठ घंटे तक चली बैठक में सभी संभावित उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हुआ। इसके बाद रविवार को बैठकें हुई। केंद्रीय समिति की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा आदि भी उपस्थित रहे।

आईपीएस सुसाइड केस: सबूतों के अभाव में अटकी जांच

# लैपटॉप देने से परिजनों का इनकार...फाइल नोट इसी पर हुआ था टाइप

चंडीगढ़ ■ एजेंसी

*एडीजीपी आत्महत्या मामले की जांच अटकी हुई है। अब परिजनों ने लैपटॉप देने से इनकार कर दिया है। बिना पोस्टमार्टम जांच आगे नहीं बढ़ सकती है। फाइल नोट इसी लैपटॉप पर टाइप हुआ था। फिंगरप्रिंट और ईमेल की जांच आवश्यक है।*

*एडीजीपी आत्महत्या मामले की जांच कई अहम सबूतों के अभाव और प्रक्रिया में रुकावट के चलते आगे नहीं बढ़ पा रही है। सूत्रों के अनुसार परिजनों ने उस लैपटॉप को पुलिस को देने से इन्कार कर दिया है जिसमें फाइल नोट टाइप किया गया था।*

*इस कारण पुलिस की तफ्तीश फिलहाल अटक गई है। सूत्र बताते हैं कि जांच आगे बढ़ाने के लिए सबसे पहले आधिकारिक तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट की आवश्यकता है। ताकि स्पष्ट हो सके कि मामला वास्तव में आत्महत्या से संबंधित है या नहीं।*



*इसके अलावा, अभी तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि आत्महत्या से पहले एडीजीपी वाई पूरण कुमार ने किस-किस को ईमेल भेजे और किस परिस्थिति में। लैपटॉप मिलने के बाद पुलिस के लिए फिंगरप्रिंट लेना बेहद जरूरी होगा ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि फाइल नोट किसने टाइप किया।*

*एसआईटी चीफ पुष्पेंद्र कुमार ने हरियाणा पुलिस से जेल में बंद एडीजीपी के गनमैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर का पूरा रिकॉर्ड मांगते हुए पत्र लिखा है। सूत्रों के अनुसार एसआईटी जल्द ही अदालत से अनुमति लेकर रोहतक जेल में बंद गनमैन सुशील से पूछताछ कर सकती है।*

*इंस्पेक्शन में पता चला है कि शराब ठेकेदार की ओर से लगाए गए अवैध वसूली के आरोप के बाद गिरफ्तार गनमैन ही स्पष्ट कर सकता है कि उसने एडीजीपी का नाम खुद लिया था या किसी षड्यंत्र के तहत उससे ऐसा करवाया गया। गनमैन के बयान एसआईटी की जांच के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।*

*जांच अधिकारी डीएसपी चरणजीत सिंह विर्क ने रविवार को एडीजीपी के परिजनों को पत्र लिखकर पोस्टमार्टम करवाने की अपील की। सूत्रों के मुताबिक पत्र में स्पष्ट किया गया कि देरी से पोस्टमार्टम होने पर कई अहम सबूत प्रभावित हो सकते हैं।*

## प्रेमानंद महाराज से अकेले में मिलवाने का लालच देकर की दोस्ती, वृंदावन बुलाकर किया रेप

मथुरा ■ एजेंसी




वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से प्राइवेट मीटिंग का झांसा देकर एक युवती के साथ रेप करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने रविवार को इस संबंध में जानकारी दी। राधा निवास निवासी सुंदरम नाम के आरोपी ने आगरा की युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती की थी। वह आध्यात्मिक गुरु की अनुयायी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक कोतवाली एसएचओ संजय पांडे ने बताया कि घटना 12 सितंबर की है। पांडे ने बताया कि 10 अगस्त को आरोपी ने उसे मैसेज करके कहा कि वह प्रेमानंद महाराज से प्राइवेट मीटिंग करवा सकता है और बाद में 12 सितंबर को उसे बताया कि मुलाकात तय हो गई है।पुलिस के अनुसार, युवती अपने भाई के साथ वृंदावन पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि सुंदरम ने उसके भाई से पार्किंग में इंतजार करने को कहा और कहा कि आगे गाड़ियां नहीं जा सकतीं। इसके बाद वह युवती को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया, ताकि वह संत से मिल सके।

# पुष्य-नक्षत्र कल: बाजारों में बड़ी रौनक, दुकानों की हुई विशेष सजावट

भोपाल ■ अमृत दर्शन

पुष्य नक्षत्र के चलते राजधानी के कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को विशेष ढंग से सजाया है। पुष्य नक्षत्र में बड़ी तदात में खरीदी होती है। इस नक्षत्र में खरीदी को विशेष लाभ दायक मना जाता है। न्यू मार्केट, चौक बाजार, बैरागढ़, दस नंबर मार्केट, कोलार सहित सभी स्थानों पर कारोबारियों में उत्साह देखा जा रहा है।




पुष्य नक्षत्र सभी नक्षत्रों में सर्वाधिक शुभ एवं बलवान होने के कारण नक्षत्रराज कहलाता है। विवाह को छोड़कर सभी मांगलिक शुभ कार्यों में पुष्य नक्षत्र का महत्व है। शास्त्रों में पुष्य को सौ दोषों को दूर करने वाला, शुभ कार्य उद्देश्यों में निश्चित सफलता प्रदान करने वाला एवं बहुमूल्य वस्तुओं की खरीददारी हेतु सबसे श्रेष्ठ एवं शुभ फलदायी माना गया है। ग्रहों की स्थिति अनुसार दीपावली से पहले पड़ने वाला यह पुष्य नक्षत्र खरीददारी के लिए धनतेरस के समान फलदायक है। सदियों से ऐसा माना जाता है कि पुष्य नक्षत्र के दिन किए गए हर शुभ कार्य का परिणाम कई गुना हो जाता है, इसी तरह इस दिन किया गया दान अक्षत हो जाता है और इस दिन खरीदी गई वस्तुएं भी अक्षत रहेगी। इस संयोग में मंत्रों से संबंधित कोई भी उपासना करने से उसका सौ गुना अधिक फल मिलता है।

- **पुष्य नक्षत्र 2025 :** 14 अक्टूबर (मंगलवार) दोपहर 11 : 54 बजे से शुरू।
- **समाप्ति :** 15 अक्टूबर (बुधवार) दोपहर 12-00 बजे तक।
- **महत्व :** इस दौरान सोना, चांदी, जमीन, मकान और अन्य निवेश शुभ माने जाते हैं।

मंगलवार को पुष्य नक्षत्र का ये है महत्व- पुष्य नक्षत्र इस वर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी दिन मंगलवार को दोपहर 3:42 पर लगेगा, जो अगले दिन बुधवार 15 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3:19 तक रहेगा, स्वराशि कर्क का चंद्रमा 14 तारीख मंगलवार को दिन में 9:50 से लेकर अगले दिन यानी बुधवार संपूर्ण दिन रात्रि रहकर, बृहस्पतिवार दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर को 3:27 तक चंद्रमा कर्क राशि में रहेगा। पुष्य नक्षत्रों का राजा माना जाता है, इस बार दीपावली से पूर्व मंगलवार को पुष्य नक्षत्र का शुभ संयोग है, मंगलवार को पुष्य नक्षत्र का संचरण होने पर इसे मंगल पुष्य के नाम से जाना जाता है। इस दिन आप जो चीजें खरीदेंगे या निवेश करेंगे, वे आपको आगे ले जाने का कारक बनेंगी, इस दिन जमीन या मकान के साथ म्युचुअल फंड इत्यादि की खरीदारी लाभ देगी। पुष्य नक्षत्र के संचरण काल में सोने, चांदी के आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। भारतीय ज्योतिष के अनुसार, पुष्य नक्षत्र में किसी भी प्रकार के निवेश या खरीदारी करना शुभ होता है, विशेष रूप से आभूषणों के लिए। इस दिन खरीदे गए आभूषण धन और समृद्धि के आगमन का संकेत देते हैं, जिससे जीवन में स्थिरता और सुख-शांति बनी रहती है।

डॉ मोहन यादव सरकार का वादा

## अगले महीने से लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1500 रूपए

भोपाल ■ अमृत दर्शन

विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने प्रदेश की पचास फीसदी आबादी यानी महिला वोटर्स को अपनी तरफ करने के लिए लाडली बहना योजना बनाई , जिसके हिसाब से अब सीधे प्रदेश की साठ साल से कम आयु की बहनों के खाते में उनके अपने खर्च के लिए 1250/ रूपए सीधे भेजे जाने थे। यह योजना विधानसभा चुनाव से पहले ही शुरू कर दी गई ,ताकि आचार संहिता लागू होने पर भी योजना प्रभावित न हो। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जहां कई एग्जिट पोल भाजपा को कमजोर बता रहे थे, लाडली लक्ष्मियों ने बाजी एक दम उटल दी। भाजपा प्रचण्ड बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब हो गई। बाद में इसी योजना को अलग अलग नामों से भाजपा शासित राज्यों में ही नहीं बल्कि गैर भाजपाई राज्यों में भी अन्य सत्तारूढ़ दलों ने अपने मेनीफेस्टो में शामिल किया।



खैर प्रदेश की भाजपा शासित डॉ मोहन यादव सरकार के गठन के बाद विपक्षी दल लगातार इस योजना के बंद होने की बात अपने मंचो से कहते रहे, जबकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव राशि बढ़ाने की बात करते। इसी वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर उन्होंने 1500/ रूपए लाडली बहनों के खाते में डाले ,ताकि रक्षाबंधन का त्योहार तमाम अभावग्रस्त महिलाएं भी ढंग से मना सकें। अब दीपावली के पहले फिर सीएम डॉ मोहन यादव ने लाडली बहना की किस्त जारी करते हुए कहा- कि अगले महीने से लाड़ली बहनों के खाते में 1500/ डाले जायेंगे ,लाडली बहनों के लिए सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने लगातार 29 वीं किस्त जारी की जिसमें लगता है कि डॉ मोहन यादव सरकार अपनी पार्टी के चुनाव पूर्व लिए गए संकल्पों के प्रति समर्पित है ईमानदार है।

डॉ मोहन यादव कर रहे प्रदेश की बहनों से किया वादा पूरा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव महिलाओं के मामले में बड़े संवेदनशील सीएम हैं, वह अक्सर अपनी सभाओं में प्रदेश की बहनों को सशक्त बनाने की बात कहते हैं जो उनकी सरकार की योजनाओं में भी दिखाई देता है।

### मूक-बधिर बन भीख मांगने पहुंचा बदमाश ज्वैलरी शॉप से जेवरों भरा पर्स चुराकर भागा

**भोपाल।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक शातिर बदमाश एक ज्वैलरी की दुकान में मूक-बधिर बनकर चोरी करने पहुंचा। बदमाश खुद को मुक-बधिर होने का दावा करने वाला एक फर्जी सर्टिफिकेट लेकर जेवर की दुकान में घुसा और भीख मांगने लगा। इशारे में पैसे मांगने और खुद को मूक-बधिर होने का हवाला देते समय ही उसने काउंटर पर रखा एक पर्स अपने कागज के नीचे दबा लिया। जिस पर्स को उसने दबाया था, उसमें चांदी के जेवर रखे थे जिसकी कीमत करीब सवा लाख रुपये बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय नरेश वासवानी बैरागढ़ में रहते हैं और इब्राहिमपुरा रोड पर रिद्धि-सद्धि नाम से ज्वैलरी की दुकान संचालित करते हैं। शुक्रवार को करीब तीन बजे दोपहर एक डिलीवर बॉय चांदी के जेवरों की डिलीवरी देकर गया था। इसी बीच एक युवक भीख मांगने घुसा और इशारों में भीख मांग रहा था।

एम्स भोपाल ने जारी की एडवाइजरी

## आंखें हैं अनमोल, दिवाली पर रखें इनका खास ख्याल

भोपाल ■ अमृत दर्शन

दिवाली रोशनी और उत्सव का पर्व है, लेकिन एम्स भोपाल ने इस मौके पर एक बेहद ज़रूरी संदेश जारी किया है। आंखें अमूल्य हैं, थोड़ी सी लापरवाही बड़ी परेशानी में बदल सकती है। इसलिए त्योहार की खुशी के साथ-साथ अपनी और अपनों की आंखों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। दिवाली पर पटाखों और आतिशबाजी के दौरान आंखों से जुड़ी चोटों के मामले तेजी से बढ़ते हैं। एम्स भोपाल के विशेषज्ञों ने बताया कि धुआं, उड़ते कण, चमक और विस्फोट से आंखों में जलन, चोट या यहां तक कि स्थायी क्षति भी हो सकती है। ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए थोड़ी सी सजगता जरूरी है।

1. आंख धोएं साफ पानी से धीरे-धीरे आंख को धोएं, लेकिन रगड़ें नहीं।
2. आंख ढंकें हल्के कपड़े या पट्टी से ढंकें, कुछ भी अंदर डालने से बचें।
3. डॉक्टर से मिलें तेज दर्द, खून आना या दिखना बंद होना गंभीर संकेत हैं।
4. सुरक्षात्मक चश्मा पहनें - पटाखे चलाते समय हमेशा चश्मा लगाएं।
5. घरेलू इलाज से बचें डॉक्टर की सलाह के बिना कोई घरेलू उपाय न करें।

### छठ पर्व के लिए तैयार शुरू, लाखों लोग अर्पित करेंगे सूर्य को अर्घ्य

**भोपाल।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा नजदीक आते ही राजधानी भोपाल में तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर निगम और प्रशासन की टीमों ने घाटों पर साफ-सफाई, रंग-रोगन, मरम्मत, विद्युत साज-सज्जा, चेंजिंग रूम, चलित शौचालय और पेयजल जैसी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। शहर के प्रमुख छठ घाट जैसे शीतल दास की बगिया, कमला पार्क, वर्धमान पार्क, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, प्रेमपुरा घाट, अयोध्या बायपास, हथाईखेड़ा डैम, बरखेड़ा और घोड़ा पछाड़ डैम सहित कुल 52 स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा।



**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भगत सिंह नगर लामाखेड़ा से पद संचलन निकाला गया।

महाआरती की जजमानी रचना-मनोज अग्रवाल द्वारा की गई

## भगवान अग्रसेन महाराज की महाआरती सम्पन्न

भोपाल ■ अमृत दर्शन

अग्रकुल प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के आराध्य देव भगवान श्री अग्रसेन महाराज एवं कुलदेवी माता लक्ष्मी की उन्नीसवीं महाआरती आज आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने, भोपाल में सम्पन्न हुई। महाआरती में बड़ी संख्या में अग्रबंधु, महिलाएं एवं बच्चें शामिल हुए। विनीत अग्रवाल ने बताया कि महाआरती चैत्र नवरात्र 2024 से प्रारंभ की गई थी, जो प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निरंतर आयोजित की जा रही है। साथ ही महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर नियमित माल्यार्पण किया जा रहा है।



नितिन गुप्ता ने बताया कि नियमित महाआरती होने से समाज में काफी उत्साह एवं उमंग का माहौल बना हुआ है। अग्रवाल समाज के लोग आरती की जजमानी करने के लिए बड़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। नियमित महाआरती किए जाने का उद्देश्य अग्रवाल समाज भगवान अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात कर समाज कल्याण और समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभा सकें। महाआरती में राहुल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अमित मित्तल, मनोज अग्रवाल, चंद्रेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विजय गर्ग, कैलाश अग्रवाल, पलाश गुप्ता, राकेश साहब, अनिल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, बंटी निशा गुप्ता, रानी मित्तल, आशा गुप्ता, कुसुम अग्रवाल रीना अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, दिशा अग्रवाल, मधु अग्रवाल सहित अनेक अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।

